चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 260, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 19 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**छह फसलों के एमएसपी में इजाफा: रबी सीजन: एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि मसूर के लिए 425 रुपये प्रति क्विंटल, इसके बाद रेपसीड और सरसों के लिए 200 रुपये प्रति क्विंटल की मंजूरी दी**

## दिवाली से पहले किसानों को सौगात

**नई दिल्ली**

**केन्द्र सरकार** ने रबी सीजन की छह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में इजाफा किया है। सरकार का कहना है कि किसानों की आय डेढ़ गुना करने के क्रम में लगातार एमएसपी में इजाफा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को विपणन सीजन 2024-25 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी । केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि मसूर के लिए 425 रुपये प्रति क्विंटल, इसके बाद रेपसीड और सरसों के लिए 200 रुपये प्रति क्विंटल की मंजूरी दी गई है। गेहूं और कुसुम के लिए प्रति क्विंटल 150 रुपये की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। जौ और चने के लिए क्रमशः 115 रुपये और 105 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। आज हुए इजाफे के बाद गेहूं के दाम 2125 से बढ़कर 2275 रुपये, जौ के भाव 1735 से बढ़कर 1850 रुपये, चने के दाम 5335 से बढ़कर 5440 रुपये, मसूर की कीमत 6000 बढ़कर 6425 रुपये, तोरिया और सरसों के भाव 5450 बढ़कर 5650 रुपये और कुसुम के भाव 5650 से बढ़कर 5800 रुपये हो गए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए तिलहन, दलहन और श्रीअन्न या मोटा अनाज को बढ़ावा दे रही है। सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) और तिलहन और तेल पाम पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमओओपी) जैसी विभिन्न पहल की हैं। किसानों को तिलहन और दलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीज प्रदान किए जा रहे हैं।



### खुशखबरी: अराजपत्रित रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिन का बोनस

**नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने सभी पात्र अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़ा बोनस (पीएलबी) देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इसे मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकारों को बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 11,07,346 रेलवे कर्मचारियों को कुल 1968.87 करोड़ रुपये का पीएलबी भुगतान किया जाएगा। इन रेल कर्मचारियों में ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ और अन्य ग्रुप सी स्टाफ (आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) शामिल है। सरकार का कहना है कि साल 2022-2023 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। रेलवे ने 150.9 करोड़ टन की रिकॉर्ड माल ढुलाई की और लगभग 6.5 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

### डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते में वृद्धि की सौगात मिल गई है। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए-डीआर की दरों में बढ़ोतरी पर मुहर लग गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने डीए की बढ़ी हुई दरों की घोषणा की है। अब इस वृद्धि के साथ ही डीए की मौजूदा दर 42 से 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके बाद जनवरी 2024 में भी अगर महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो वह दर 50 प्रतिशत हो जाएगी।

अब केंद्रीय कर्मियों की इतनी बढ़ जाएगी सैलेरी: अगर किसी कर्मचारी का मूल वेतन 18 हजार रुपये है तो 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में हर माह लगभग 720 रुपये बढ़ जाएंगे। यानी डीए की कुल राशि 8280 रुपये होगी। जिन कर्मियों का मूल वेतन 25 हजार रुपये है तो उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये का फायदा होगा। 46 प्रतिशत के हिसाब से उनका डीए 11500 रुपये हो जाएगा। जिस कर्मी की बेसिक सेलरी 35 हजार रुपये है तो उसे प्रतिमाह 1400 रुपये ज्यादा मिलेंगे।

## अडानी समूह बिजली के दाम बढ़ने के लिए जिम्मेदार: राहुल

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने आज अडानी समूह को घेरते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अडानी समूह कोयला इंडोनेशिया से खरीदता है। उसके दाम में हेराफेरी कर भारत में दोगुने दाम पर बेचता है। इसके कारण देश में बिजली के दाम बढ़ जाते हैं। इसकी मार गरीब जनता को झेलनी पड़ती है।

उन्होंने अपने आरोप के पक्ष में लंदन के एक अखबार की रिपोर्ट को उद्धृत किया। राहुल ने कहा इस हेराफेरी से अडानी समूह 12 हजार करोड़ रुपये कमा चुका है। यह बात हिंदुस्तान के नागरिकों को समझनी होगी। रोचक बात है कि ऐसी रिपोर्ट पर हिंदुस्तान का मीडिया एक सवाल नहीं पूछता।



### हाईकोर्ट के जजों के रूप में 13 अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** कॉलेजियम ने हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में 13 अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की हैं।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल है।

इसमें गौहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में अधिवक्ता एन उन्नी कृष्णन नायर और कौशिक गोस्वामी के नामों की सिफारिश की गई है।

## गाजा अस्पताल में ब्लास्ट के पीछे इजरायल नहीं: राष्ट्रपति जो बाइडेन



**तेल अवीव**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को गाजा अस्पताल विस्फोट मामले में बड़ा बयान दिया है। युद्ध के बीच इजरायल पहुंचे बाइडेन ने कहा कि गाजा पट्टी के अस्पताल में जो विस्फोट हुआ है, वह इजरायल के कारण नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि अस्पताल में विस्फोट के समय काफी लोग थे। ऐसे में निश्चित नहीं है कि विस्फोट का असल कारण क्या था।

'गाजा अस्पताल विस्फोट आपने नहीं कराया': बाइडेन ने एक बैठक के दौरान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा, 'मैंने जो देखा है, उसके आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस हमले के पीछे इजरायल शामिल नहीं है। संभव है यह किसी और समूह ने कराया है। जिसमें सैंकड़ों लोग मारे गए हैं।' उन्होंने कहा कि विस्फोट के समय अस्पताल में काफी लोग थे। इसलिए निश्चित तौर पर कहना सही नहीं होगा कि विस्फोट का कारण क्या था।

विस्फोट के लिए इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार: उल्लेखनीय है कि हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा के अस्पताल में इजरायली हवाई हमले के कारण विस्फोट हुआ है। हालांकि, इजरायली सेना ने इसमें शामिल होने से इनकार किया है। इजरायली सेना ने एक अन्य आतंकवादी समूह- फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक असफल रॉकेट को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, उस संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है।

## गोरखपुर में शीघ्र प्रारंभ होगा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय



**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद गोरखपुर में प्रस्तावित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को महाविद्यालय स्थापना के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में स्थापित होने जा रहा यह महाविद्यालय, पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से सम्बद्ध होगा जो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पशुपालकों के लिए सर्वथा उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। प्राचीन काल में शालिहोत्र रचित शालिहोत्र संहिता में उल्लिखित 12000 से अधिक श्लोक पशु चिकित्सा में हमारा बेहतर मार्गदर्शन करते हैं। आधुनिक युग में इस क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है। बड़ी संख्या में युवा इस क्षेत्र में शोध-अध्ययन-अध्यापन से जुड़ने को उत्सुक हैं। महाविद्यालय के स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरणों में विकसित होने वाले इस महाविद्यालय के लिए 80 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। विशाल परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जानी चाहिए। बड़े पशुओं के लिए भूतल और छोटे के लिए सुविधानुसार प्रथम तल पर चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने पोल्ट्री साइंस, डेयरी सेक्टर के अलावा पशु नस्ल सुधार के लिए शोध आदि के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने महाविद्यालय परिसर को नेट जीरो एनर्जी के कंसेप्ट पर बनाने के लिए बल दिया। साथ ही, स्थापत्य में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए।

## आपराधिक केस दर्ज होने मात्र से पासपोर्ट जारी करने से इंकार नहीं कर सकते : हाईकोर्ट

**प्रयागराज**

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के बासू यादव केस के फैसले के हवाले से कहा है कि आपराधिक केस दर्ज होने या अपील लम्बित होने मात्र से पासपोर्ट जारी करने या नवीनीकरण करने से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी के साथ कोर्ट ने रीजनल पासपोर्ट अधिकारी लखनऊ को याची को पासपोर्ट जारी करने पर विचार कर छह हफ्ते में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने आकाश कुमार की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याचिका पर बहस करते हुए भारत सरकार के अधिवक्ता ने कहा कि पुलिस रिपोर्ट में याची के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। याची को कारण बताओ नोटिस दी गई है किन्तु अभी तक सफाई नहीं दी गई है।



जिसका इंतजार है। याची अधिवक्ता का कहना था कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 155(1) के तहत जब तक मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस को विवेचना का आदेश नहीं दिया जाता, पुलिस एन सी आर केस की विवेचना नहीं कर सकती। वर्ष 2020 में धारा 323, 504 मे एफआईआर दर्ज की गई है।

## भारत-फ्रांस सैन्य उप-समिति की 21वीं बैठक में हुई सैन्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली**

**भारत-फ्रांस** सैन्य उप समिति (एमएससी) की 21वीं बैठक 16-17 अक्टूबर को नई दिल्ली के वायु सेना स्टेशन में आयोजित की गई।

भारत की ओर से आईडीएस मुख्यालय में एकीकृत स्टाफ (सैन्य सहयोग) के सहायक प्रमुख एयर वाइस मार्शल आशीष वोहरा और फ्रांस की ओर से संयुक्त स्टाफ के अंतरराष्ट्रीय सैन्य संबंध के जनरल ऑफिसर मेजर जनरल एरिक पेल्टियर ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। भारत-फ्रांस एमएससी मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय और फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के संयुक्त स्टाफ मुख्यालय के बीच रणनीतिक और परिचालन स्तरों पर नियमित बातचीत और उसके जरिए दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के विकास के लिए स्थापित एक मंच है। यह बैठक मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशी से भरपूर और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग तंत्र के दायरे में नई पहलों की तलाश और पहले से जारी रक्षा गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा हुई।

## सिक्किम में फंसे पर्यटकों को सेना ने सुरक्षित निकाला

**नई दिल्ली**

**सिक्किम में** आई अचानक बाढ़ के बाद स्थिति में सुधार होने लगा है। सेना ने सिक्किम में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम पूरा कर लिया है। अब सेना स्थानीय लोगों के साथ मजदूरों को निकालने के काम में जुटी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक सिक्किम में आई बाढ़ की वजह से अभी तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। 14 दिन बाद भी 76 लोग अभी लापता हैं। इनकी तलाश में सेना जुटी हुई है। सिक्किम में भारतीय वायुसेना का राहत अभियान लगातार जारी है। आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने और राज्य सरकार का सहयोग करने के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के चीता, चिनूक, एमआई-17 1वी और एमआई-17 वी 5 हेलीकॉप्टर लगातार उड़ान भर रहे हैं। अब तक भारतीय वायुसेना ने 262 उड़ानें भरी हैं, जिसके परिणामस्वरूप 2002 नागरिकों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और 1,32,805 किलोग्राम से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई गई है।



## कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश!

**बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार (18 अक्टूबर) को बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि सरकार को अस्थिर करने के लिए बीजेपी में एक टीम सक्रिय है। शिवकुमार ने आगे कहा कि कांग्रेस विधायक उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सूचित कर रहे हैं कि कौन उनसे संपर्क कर रहा है और उन्हें क्या ऑफर दिया जा रहा है। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि वह अगले विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों से इसका खुलासा करावाएंगे।

**सेना कमांडरों के सम्मेलन में शीर्ष नेतृत्व ने चुनौतियों के पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया**

## रक्षा मंत्री ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे हालिया संघर्षों पर चिंता जताई

**नई दिल्ली**

**मानेकशा** सेंटर में चल रहे सेना कमांडरों के सम्मेलन में तीसरे दिन बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं पर स्थिति और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों के कई पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं और भीतरी इलाकों की स्थिति और चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया। सेना और वायु सेना प्रमुखों ने हथियारों के स्वदेशीकरण और भविष्य के युद्धों में तीनों सेनाओं के बीच बेहतर एकीकरण की जरूरत पर जोर दिया। नई दिल्ली में 16 अक्टूबर को सेना कमांडरों का सम्मेलन हाइब्रिड प्रारूप में शुरू हुआ। दूसरे दिन सेना के कमांडरों ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं पर स्थिति और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों के कई पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं और भीतरी इलाकों की स्थिति और चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया। वर्तमान सुरक्षा तंत्र के अलावा सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, रसद, प्रशासन और मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।



सम्मेलन के तीसरे दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित किया।

## इजरायल ने हमास के दो आतंकी कमांडर ढेर किए

**तेल अवीव**

**इजरायल रक्षा** बल (आईडीएफ) ने कहा है कि गाजा पट्टी पर उनके सुरक्षा बलों के हमले में फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के दो कमांडर मारे गए। इस बीच आईडीएफ ने एक ड्रोन फुटेज जारी कर यह समझाने की कोशिश की है कि अस्पताल पर हमला इजरायल की सेना ने नहीं किया। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में आईडीएफ के हवाले से कहा है कि हमास के गाजा सिटी ब्रिगेड में एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सरणी के प्रमुख मुहम्मद अवदल्लाह और हमास नौसैनिक बल के कमांडर अकरम हिजाजी को मार गिराया गया। साथ ही हमास के कमांड सेंटर, स्टेजिंग ग्राउंड, एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और रॉकेट लॉन्च साइटों के साथ सैन्य बुनियादी ढांचों को तहस-नहस कर दिया है। इनमें हमास की कुछ सुरंगें भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि गाजा पट्टी के अल-अहली अरब अस्पताल पर हमले के संबंध में इजरायल रक्षा बल ने ड्रोन फुटेज जारी किया है। इसके विवरण के मुताबिक अस्पताल में घातक विस्फोट उसके आयुध के कारण नहीं हुआ। इससे कोई गड्ढा नहीं हुआ है। इजरायल के हमले में आमतौर पर जमीन में बड़े गड्ढे हो जाते हैं। आईडीएफ के हवाले से रिपोर्ट्स में कहा गया है कि लेबनान से बुधवार तड़के हिजबुल्लाह के आतंकवादियों ने उत्तरी इजरायल के मोशाव श्तुला के पास इजरायली बलों की ओर एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल दागी। इसमें उसके चार सैनिक घायल हो गए। पिछले 24 घंटों में उत्तरी सीमा पर कस्बों और सैन्य चौकियों पर दागी गई यह सातवीं मिसाइल है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग ने गरिमा हॉस्पिटल को किया सील

**मांडा।** विवाहिता रंगीता देवी 28 साल की मौत के बाद मंगलवार को मांडा रोड भारतगंज मुख्य मार्ग पर शव रख कर आक्रोशित परिजनों ने घंटो चक्का जाम कर रखा था। उक्त सूचना पर अवैध रूप से चल रहे गरिमा हॉस्पिटल भारतगंज को स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ प्रयागराज ने बुधवार को शाम लगभग तीन बजे पहुंचकर सील कर दिया है। और हॉस्पिटल संचालक से दस्तावेज की जांच करने के लिए मांग किया है।

### छेड़खानी करने पर शोहदों को परिजनों ने धुना

**मऊआइमा।** विद्यालय जाते समय छात्राओं को शोहदों द्वारा छेड़खानी करने पर छात्राओं के परिजनों द्वारा शोहदों को दौड़ा दौड़ा पिटाई करने पर । शोहदे फरार हो गए उक्त घटना का क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा से छात्राएं पढ़कर घर आते जाते समय रेलवे क्रासिंग वन विभाग के पास कतिपय शोहदे छेड़खानी करते थे। बताया गया है कि लोकलाज के भय से छात्राएं घर में नहीं बता रही थीं। जिससे शोहदों के हौसले बुलंद होते गए छात्राएं शोहदों से ऊब कर परिजनों को आपबीती सुनाई तो छात्राओं के परिजन छात्राओं के पीछे लग गए। बताया गया है कि हर रोज की भांति जब शोहदे छात्राओं को रेलवे क्रासिंग वन विभाग के पास छेडखानी करते ही छात्राओं के परिजनों ने दौडा दौडा पीटे पलभर में शोहदे अपना चेहरा ढक कर भाग निकले। शोहदों कि पिटाई की चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

### मुकुट पूजन के साथ जारी गढ़ैया में रामलीला मंचन शुरू

**जारी।** जारी कस्बे स्थित दिन मंगलवार को श्री प्रेम प्रवर्तक आदर्श रामलीला कमेटी पुराना रामलीला मैदान गडैय़ा जारी बाजार में मुकुट पूजन व नारद मोह का भव्य आयोजन किया गया। तत्पश्चात आयोजकों द्वारा रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। और रामलीला का मंचन सिद्ध टिकट मंडली द्वारा दस दिवसीय आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। आपको बता दें कि आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रामलीला देखने के लिए ग्रामवासी पहुंच रहे हैं ।रामलीला का आयोजन सामूहिक रूप से किया जा रहा है। इस अवसर पर सामूहिक रूप से अजय केसरवानी, अनुज केसरवानी, रोहित जायसवाल, अनूज सोनी ,अतुल केसरवानी, दिलीप केसरवानी, ज्ञानेंद्र जायसवाल संतोष जायसवाल जितेंद्र बबलू केशरवानी , रोहन केशरवानी , रामसजीवन केसरवानी, राजा राम सोनी ,रिशु मोदनवाल ,दीपक जायसवाल ,आदि लोग रहे।

### नैनी जेल में कैदियों ने रखा नवरात्र का व्रत

**नैनी।** नैनी जेल में सैकड़ों कैदियों ने इस बार भी नवरात्र पर नौ दिन का व्रत रखा है। सुबह शाम पूजा पाठ करते हैं। इन व्रतियों के लिए जेल प्रशासन ने फलाहार की व्यवस्था की है। जेल प्रशासन की मानें तो नवरात्र के पहले दिन 1294 कैदियों ने व्रत रखा था। बुधवार को 567 कैदियों ने व्रत रखा। इनमें 524 पुरुष तो 43 महिलां शामिल हैं। जेल प्रशासन की ओर से व्रत रहने वालों के लिए फलाहार में 750 ग्राम उबला हुआ आलू, आधा लीटर दूध, चीनी और फल में केला दिया जा रहा है। अष्टमी पर व्रत रखने वालों की संख्या फिर बढ़ जाएगी। बड़ी संख्या में ऐसे कैदी हैं जो हर साल नौ दिन का व्रत रखते हैं।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 28 को

**जसरा।** मिशन शक्ति के चौथे चरण में महिलाओ एवम छात्राओं को आज आराध्या फाउंडेशन के बैनर तले फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष डा उषा पटेल के नेतृत्व में कॉपी, बैग, पेन के साथ साबुन एवम सेनेटरी पैड भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बेटियों से मन लगाकर पढ़ने एवम समाज, राष्ट्र में अपने माता- पिता, परिजनों को गौरवान्वित करने की दिशा में प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन में आगामी 28अक्टूबर को गंगापार क्षेत्र के भिदीउरा में स्थित गयाप्रसाद विश्वकर्मा इंटर में सोलर, लैपटाप एवम फाउंडेशन के द्वारा शौचालय की मदद का उल्लेख करते हुए बोली कि विभिन्न प्रकार की वस्तुए इस सप्ताहांत में विद्यालय परिवार को सुपुर्द कर दिया जाएगा साथ ही विद्यालय में 28अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती माधुरी कौशल किशोर के द्वारा उदघाटन करने का फैसला लिया गया। इस अवसर पर संस्था की सदस्या डा. सीमा साहनी, वैजन्ति माथुर, मुक्ति व्यास, शीला जैन आदि पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम में कुल 51किशोरियों को विभिन्न वस्तुओं को भेंटकर सम्मानित किया गया।

# मृत घोषित शशिकला जिंदा मिली, परलोक जा चुकी खुशबू को गुमशुदा बताने वाले पिता-भाई की जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिला न्यायालय ने अपनी ही बेटी को मारकर कुएं में फेंकने के बाद उसकी सही शिनाख्त न करने वाले पिता और भाई की जमानत खारिज कर दी है। यह मामला तब प्रकाश में आया, जब मृत घोषित भदोही की गुमशुदा लड़की शशिकला को नोएडा पुलिस ने जिंदा बरामद किया। अपनी ही बेटी को कीटनाशक देकर मारने वाले पिता और भाई की जमानत पर जिला न्यायाधीश संतोष राय की अदालत सुनवाई कर रही थी। मामला प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र का है। आरोपी पिता अरविंद कुमार और भाई अमित कुमार ने मई 2022 में खुशबू उसके प्रेम प्रसंग से नाराज हो कर उसको कीटनाशक खिलाने के बाद तकिया से मुंह दबा कर मार डाला था। उसके बाद उसकी लाश बोरे में भरकर मोहनपुर के तालाब के पास स्थित कुंए में फेंक दिया।इसी बीच भदोही जिले के गोपीगंज थाने में शशिकला नाम की युवती की गुमशुदगी दर्ज हुई। जिसकी तलाश के दौरान कुंए में पाई गई खुशबू की लाश की शिनाख्त भदोही से गायब शशिकला के रूप में कर ली गई। यह जानकारी होने पर दोनों आरोपी बाप बेटे ने राहत की सांस ली और सोचा मामला रफा दफा हो गया, लेकिन गोपीगंज थाने में मृत घोषित हो चुकी गुमशुदा दर्ज शशिकला को मार्च 2023 में नोएडा पुलिस ने जिंदा बरामद किया।

### डीएनए जांच में हैरान करने वाली मिली जानकारी

इस चौंकाने वाले मामले के खुलासे के बाद सवाल खड़ा हुआ कि आगरा में मृत घोषित शशिकला जिंदा है तो मृत पाई गई लाश के वारिसों की तलाश शुरू हुई। तब जानकारी हुई कि हंडिया थाने में भी उसी दौरान एक गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। उस मृतका के बिसरे से उसका डीएनए आरोपियों से मैच करवाया गया तो हैरान करने वाली कहानी सामने आई। पता चला कि कुंए से बरामद लाश आरोपी अरविंद की बेटी खुशबू की थी। जिसे उसने अपने बेटे अमित के साथ मिल कर मार डाला था।हंडिया पुलिस ने अरविंद कुमार और उसके बेटे अमित कुमार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। उनकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश संतोष राय की अदालत ने जमानत खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से बहस डीजीसी क्रिमिनल गुलाब अग्रहिर ने की।



# मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील परिसर में खेलकूद मैदान व पार्क किया उद्घाटन

**पसना।** जनपद के दक्षिणांचल विकास खंड कोरांव में सी डी ओ प्रयागराज गौरव कुमार ने ग्राम पंचायत बहियारी खुर्द एवं तहसील कोरांव परिसर में मनरेगा से बने खेल कूद मैदान व पार्क का उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास से ही पूरा देश विकसित हो जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने ग्राम पंचायत बहियारी खुर्द में खेलकूद मैदान का उद्घाटन करने के बाद कहा कि अब इसी तरह प्रत्येक ग्राम पंचायत में क्रीड़ा स्थल का निर्माण कराया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील में बने पार्क एवं क्रीड़ा स्थल बहियारी खुर्द में एक- एक पौध का रोपण भी किया। उक्त मौके पर उप जिलाधिकारी कोरांव अविनाश यादव, तहसील दार कोरांव तथा नायब तहसील दार बड़ोखर विनोद सिंह,खंड विकास अधिकारी कोरांव धीरेन्द्र कुमार यादव, ए डीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ कृषि सुरेंद्र श्रीवास्तव ,अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण जगनारायण, प्रधान बहियारी खुर्द संजय सिंह, अध्यक्ष प्रधान संघ रामानुज यादव, बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, आडिटर यादवेन्द्र अहीर, तकनीकी सहायक सुरेंद्र केशरी , रोजगार सेवक गण एवं स्वच्छता ग्राही गण सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति तथा कई प्रधान एवं वी डी सी मौके पर मौके पर मौजूद रहे।

# बेटी व नातिन के साथ सड़क पर फल खरीद रहे अधेड़ को कार ने मारी जोरदार टक्कर

**बाप- बेटी को गंभीरावस्था में चिकित्सकों ने किया शहर के लिए रेफर**

**फूलपुर।** बेटी के साथ मंडी के पास फल खरीद रहे अधेड़ को अनियंत्रित कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता व पुत्री को गंभीर चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाप बेटी को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया जहां गंभीरावस्था के चलते चिकित्सकों ने एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के अरवासी मय बहादुरगढ़ निवासी अशोक कुमार बुधवार दोपहर लगभग बारह बजे अपनी पुत्री सुषमा कुशवाहा व नातिन सुंदरी के साथ सरैया मोड़ के पास स्थित सब्जी मंडी के सामने बाइक से रूककर फल खरीद रहे थे तभी शहर की तरफ तेज रफ्तार में जा रही कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाप बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं मां की गोदी में बैठी बेटी सुंदरी को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें शहर के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस कार को अपने कब्जे में लेकर थाने उठा ले गई। परिजनों ने बताया की अशोक कुमार का मूल निवास सैदाबाद के कुढ़वा गांव में है वो सुबह सैदाबाद जाने के लिए निकले थे।

### फूलपुर सब्जी मंडी के पास आधी सड़क पर रहता है ठेलेवालों का कब्जा

स्थानीय लोगों ने बताया की मंडी के पास सड़क पर ही ठेले लगाए जाते हैं जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं। राहगीरों ने बताया की एक तो सुबह से ही मंडी के पास खरीददारों की भीड़ रहती है वहीं आधी सड़क पर ठेलेवालों का कब्जा रहता है जिससे जाम की भी स्थिति बनी रहती है।

### इफको चौकी इंचार्ज ने छोटी बच्ची को गोद में लेकर पहुंचाया अस्पताल

फूलपुर सब्जी मंडी के पास हुई दुर्घटना में बाप बेटी को गंभीरावस्था में एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाने के साथ हीं इफको चौकी इंचार्ज आशीष सिंह छोटी बच्ची सुंदरी को गोद में लेकर बाइक से ही नजदीकी अस्पताल की ओर भागे। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस विभाग की ऐसी संवेदनशीलता की सराहना की।

# आजादी का 75वां अमृत महोत्सव समारोह सम्पन्न




**मांडा।** ब्लॉक में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम के अवसर पर देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत ग्राम पंचायतों से अमृत कलशों में संग्रह माटी का विकास खंड स्तरीय अमृत कलश में भावपूर्ण मिश्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को कार्यक्रम में विकास खंड मांडा की समस्त 69 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा अपनी अपनी ग्राम पंचायत से अमृत कलश, लेकर मांडा ब्लॉक परिसर में स्थापित किया गया। और प्रत्येक अमृत कलश को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर स्थापित होने वाली अमृत वाटिका के लिए जनपद मुख्यालय भिजवाया जाएगा। मुख्य अतिथि सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह दीप प्रज्वलित कर देश की आजादी में बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कहा कि शहीदों की याद में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकास खंड मांडा के समस्त ग्राम प्रधानों, सचिवों, ब्लांक कर्मचारी तथा स्वयं सहायता की महिलाओं के सहयोग की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता मांडा पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने कहा कि देश के प्रधान सेवक श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के रखवाली में अपना प्राण देने वाले शहीदों के सम्मान में एक उद्यान की स्थापना कराई गई है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 7500 अमृत कलश में संग्रहित मिट्टी को अमृत उद्यान में रखा जायेगा। और उसमे 7500 प्रकार के पौधे लगाए जायेंगे कार्यक्रम उपस्थित सुजीत केशरवानी, हरि प्रसाद पांडेय, मांडवी शरण द्विवेदी, भगवान दास मौर्या, भाजपा जिला महामंत्री विक्रमादित्य कुशवाहा, भाजपा मंडल महामंत्री राम बली मौर्या, मंडल कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार प्रजापति राजू ,जीत नारायण श्रीवास्तव, समाज कल्याण अधिकारी रवि प्रकाश, बृजेन्द्र शुक्ला, अशद अली प्रधान मांडा,राजमणि द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि बनवारी खास,बाबू लाल उचडीह प्रधान, आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे। वहीं समूह की महिलाओ ने स्वागत गीता प्रस्तुत किया और मांडा एसआई रितेश कुमार यादव व महिला कांस्टेबल के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर नारी सशक्तिकरण के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बच्चियों को पढ़ाने लिखाने पर जोर दिया।

# तालाब को पाट कर कब्जा कर रहे दबंग

अखंड भारत संदेश

**जारी।** तालाब पर कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है । मामले में स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी कार्रवाई करने से कन्नी काट रहे हैं। स्थित तालाब की जमीन अवैध कब्जे से अछूती नही है। कुछ तो पहले ही अवैध कब्जे के चलते बर्बाद हो गई तो बचे हुए तालाबों पर अभी भी दबंगों की नजर है। जिस पर पहले तो कूड़ा करकट फेंककर उसको बराबर किया जाता है। उसके बाद उस पर माटी डाल कर झोपड़ी बनाकर कब्जा किया जा रहा है। अब पक्का निर्माण किया जा रहा है दबंगों द्वारा जिसमें विवाद की स्थिति बनी हुई। मामला बारा तहसील के ग्राम पंचायत जारी में, हाईवे के किनारे स्थित तालाब की कीमती जमीन पर गांव का एक दबंग एवं भू-माफिया मकान बनाकर जबरन कब्जा कर रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर चौकी इंचार्ज जारी के साथ राजस्व टीम मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया ,लेकिन दबंग एवं औरतों ने एक नहीं मानी टीम बैरंग वापस लौट गई। जारी गांव में दबंग एवं भू माफिया पप्पू सोनकर पहले से ही तालाब पर दो मकान बना कर हाईवे के किनारे कीमती जमीन कब्जा कर चुका है। तीसरा मकान बनाकर और जमीन कब्जा कर रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को दोपहर कानूनगो राजेंद्र शुक्ल ,लेखपाल नागेंद्र मिश्र ,चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार यादव, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन दबंगों के सामने एक नहीं चली राजस्व एवं पुलिस टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। जिससे दबंग भू- माफिया का हौसला बुलंद है। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। तो वही चौकी इंचार्ज ने बताया कि राजस्व टीम द्वारा बनाए जा रहे मकान को मौके में पहुंचकर रुकवाया गया



है ।और ट्रैक्टर द्वारा पिलर को ध्वस्त कर दिया गया है। मौके में कानूनगो राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि तालाब पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। मना करने पर भी नहीं मान रहा है । पर्याप्त पुलिस बल न होने के कारण कब्जा नहीं रोका जा सका है। इंस्पेक्टर संजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि मामला मेरे से संज्ञान में नहीं था। चौकी इंचार्ज से बात कर-के तालाब पर अवैध कब्जा रोका जाएगा। तहसीलदार बारा संगीता पांडेय ने बताया कि राजस्व टीम मौके पर गई थी। अभी रिपोर्ट नहीं दी है, रिपोर्ट आते ही कब्जा हटाने की कार्यवाही तेजी के साथ की जाएगी।

# नशे के कारोबार में लिप्त एक गिरफ्तार

**600 सी सी कोरेक्स सिरप कार से बरामद, कोराव से मध्य प्रदेश तक हो रही नशीले दवाइयों के कारोबार,एमपी पुलिस भी पकड़ धकड़ में पहुंची**

**कोराव।** कोराव तहसील क्षेत्र के लेंडियारी सहित कई स्थानों पर नशे के कारोबारी काफी दूर दूर तक अपना जाल बिछाए हैं जिन्हे मध्य प्रदेश से लेकर यूपी के कई नगर और ग्रामीण इलाकों में कोरेक्स की सी सी में नशे के व्यवसाई सक्रिय हैं। इस क्रम में कारोबार में शामिल एक युवक को खीरी पुलिस ने मंगलवार को कार से ले जा रहे 600 सीसी अवैध कोरेक्स सीरप के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजकुमार विश्वकर्मा 24 पुत्र संतलाल विश्वकर्मा निवासी नीबी थाना खीरी द्वारा मंगलवार को कार से नशे में प्रयोग की जाने वाली अवैध कोरेक्स सीरप ले जाने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी अश्वनी कुमार व पुलिस टीम ने लेड़ियारी बाजार के समीप तुलसी मोड़ पर गिरफ्तार कर लिया। उक्त कारोबारी की तलाशी लेने पर डिजायर कार में 5 पेटी जिसमें लगभग 600 सीसी अवैध कोरेक्स सीरप बरामद हुआ ।पुलिस ने चालक सहित गाड़ी को जप्त कर थाने लाई। और लम्बी पूछताछ के बाद आरोपी को एनडीपीएस एक्ट व औषधि नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायालय भेज दिया गया। इसी मामले में सोमवार को एक नया मोड़ और देखने को मिला जब मध्य प्रदेश के सीधी पुलिस लेड़ियारी निवासी अखिलेश केसरवानी पुत्र रामकृष्ण के घर अमिलीया थाना से गिरफ्तार कोरेक्स आरोपी के साथ तलाशी लेने पहुंची तो लोगों में हड़कंप मच गया। एमपी पुलिस ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि प्रयागराज के खीरी थाने के लेडियारी से अवैध कोरेक्स लाकर सीधी रीवा कटनी जबलपुर में सप्लाई करता था। मामले में खीरी पुलिस बताने से कतरा रही है। जबकि घर तलाशी के दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। इस बात को लेकर लोगों में चर्चा बना रहा।

# सीएचसी मेजा के नए प्रभारी अधीक्षक पाकर स्टाप में खुशी



**मेजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के नए प्रभारी अधीक्षक डॉ.बब्लू सोनकर बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। गौरतलब है कि कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवगातुक अधीक्षक डॉ.बब्लू ने कहा कि अस्पताल मे व्याप्त कमियों को दूर करने के साथ साथ मरीजो को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना ही मुख्य उद्देश्य है।बता दे कि डॉ.बब्लू सोनकर को अधीक्षक सीएससी मेजा का अधीक्षक की कमान सौंपे जाने पर सम्मत स्टाप के महिला एव पुरुष कर्मचारीयों ने बधाई देते हुए कहा कि अधीक्षक डॉ. सोनकर के नेतृत्व मे बेहतर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इस मौके पर बधाई देने वालो में डॉ. सुरेश सोनकर, शास्वत सिंह, देवेंद्र द्विवेदी, दीपू त्रिपाठी, कमलेश मिश्रा, के के श्रीवास्तव,अंजू राय, स्वेता सिंह,सुमन गुप्ता,मीरा देवी, निशा देवी, रेनू यादव, कंचन विश्वकर्मा, शिमला पटेल, प्रमिला यादव, तथा अभिमनु पाल के अलावा कई अन्य लोग शामिल रहे।

# दलित महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**दलित शोषित वंचितों की सेवा करने आया हूं। - वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. संगम लाल मिश्र**

**जारी।** बड़ोखरा ग्राम में आयोजित अनुसूचित जाति-जनजाति सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र ने कहा मैं यमुनापार की जनता की सेवा का संकल्प लेकर आया हूं। दलित शोषित वंचितों की सेवा करने आया हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. संगम मिश्र ने उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड आदि सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से जनता को हो रहे लाभ के विषय में लोगों को जानकारी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि दिलीप शुक्ल डॉ. संगम मिश्र के द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे दलित शोषित वंचित के प्रति कार्यों की जानकारी दी।उन्होंने कहा कोई भी दलित शोषित वंचित अपने सुख-दुख में हमेशा डॉ. संगम मिश्र को याद करता है,तो डॉ संगम स्वयं उनके सुख-दुख में सदैव उपस्थित रहते हैं और यथाशक्ति सहायता प्रदान करते हैं। अनुसूचित जाति जनजाति महासम्मेलन में मंच का संचालन करते हुए शंकरदेव त्रिपाठी ने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में डॉ. संगम मिश्र जी के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी सराहना करते हुए बताया की पूरे यमुनापार क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंपों में हजारों लोगों को आंखों का चश्मा एवं दवाइयां लगातार वितरित की जा रही हैं डॉ. संगम मिश्र ने कहा इस क्षेत्र में लोगों ने



सड़क, पानी, नाली एवं पशुओं से आ रही कठिनाइयों की जानकारी मुझे दी है। इस विषय में मैं उच्च अधिकारियों से मिल कर शीघ्र समस्या के समाधान का प्रयास कहूंगा।सांसद बनने पर मैं बड़ी-बड़ी गौशालाएं क्षेत्र में बनवाऊंगा। जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा। कार्यक्रम में संयोजक राजाराम चौधरी, दीपक त्रिपाठी, विजय बहादुर चौधरी, राजेश चौधरी, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर एस. के. तिवारी, राममिलन कुशवाहा, अभय राज आदिवासी, संजय आदिवासी, लाल जी प्रजापति, लल्लन जतन चौधरी, वसंत लाल आदिवासी, विनोद कुमार पांडे, राम निहोर, राजेश कुमार, विजय कुमार, हनुमत प्रसाद, चंदन प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, भोलानाथ, होरीलाल, अभिमन्यु, श्रीपाल, शिव शंकर, सिद्धनाथ, राज किशोर घनश्याम, दयाशंकर, रमेश, कमल नारायण मिश्रा, अमरेश मिश्र, विजय प्रकाश आदि बहुत बड़ी संख्या में दलित समाज व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### तापस वेष बिसेषि उदासी, चौदह बरिस रामु बनबासी'



**जंघई।** श्रीराम जानकी मंदिर जंघई प्रांगण की रामलीला में श्रीराम वनवास का प्रसंग ऐसा था कि रामलीला मैदान में दर्शक डटे रहे उनकी पलकें बोझिल हुई। देर रात तक प्रसंग के मंचन के दौरान कई बार मार्मिक दृश्य उत्पन्न हुए।एक तरफ पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी तो दूसरी तरफ मंथरा ने माता कैकेयी के पास जाकर राजा दशरथ द्वारा दिये गये दोनो वचनों को याद कराते हुए राम को चौदह वर्ष के बनवास एवं भरत को राजगद्दी मांग देने के लिए प्रेरित करती है।जिसके बाद कैकेयी राजा दशरथ से संवाद करते हुए दोनों वर माँगती है राजा दशरथ अपने दोनों वचनों को पूरा करते है राम पिता के वचनों को सहर्ष स्वीकार करते हुए वन को चल देते है।राम सीता लक्ष्मण के वन जाते ही महाराज दशरथ पुत्र वियोग मे प्राण त्याग देते हैं।रामलीला वनगमन, केवट संवाद, सुपर्णखा नाककटैया तक मंचन किया गया। रामलीला पात्रों में राम आदित्य, सीता गणेश, लक्ष्मण नीरज, सुपर्णखा रामराज यादव पुलथी, खर दूषण -आतिश और अंबुज उमरवैश्य, रावण लोलारख यादव तथा संदीप तिवारी, आचार्य संदीप पांडेय, शीतला पाठक, अजय पांडेय, गग्गू यादव, विक्की जायसवाल, सभाजीत पांडेय, राजू भाई साहब, सूरज दूबे, किशन पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

### शिक्षा के साथ ही समय-समय पर अपनी पुस्तकें बदलें : अख्तर मलिक




**मऊआइमा।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान के जन्म दिवस पर मऊआइमा कस्बा में गुड फेथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि रूप में प्रयागराज के नामी आईएएस कोचिंग के शिक्षक अख्तर मलिक ने मुस्लिम समाज को शिक्षा के साथ ही समय-समय पर अपना पुस्तकें बदलने की नसीहत की। उन्होंने कहा कि सर सैयद के नक्शे कदम पर चलकर शैक्षिक स्तर पर पिछड़ रहे मुस्लिम समाज को परिस्थितियों के अनुसार शिक्षा में बदलाव करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम संकाय अध्यक्ष मजहरूल इस्लाम तथा इंपीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रबंधक डॉ. नदीम इंतेखाब ने उपस्थित लोगों को खिताब किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष एवं आयोजक डॉक्टर खैरुल बशर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, मौलाना अशफाकुलर्हमा रहमान, ओबैदुर रहमान, इंजीनियर नूरुद्दीन सैफी यासिर इकबाल, जियाउद्दीन, उबैदुर रहमान, साजिद खान ,उमैरजलाल,जावेद ज़िया,जावेद अख्तर,मोईन अख्तर,फैजानुल हकीम, अब्दुल्ला,काशिफ अंसारी आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सर सैयद मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक डॉ. इरशाद खान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### वरिष्ठ कवि लाल जी देहाती कबीर दास सम्मान से सम्मानित



**सहसों।** चकिया घरहरा गांव में मंगलवार को जय माँ दुर्गा समिति के मंच पर संस्कार भारती गंगापार के तत्वावधान में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गंगापार के कबीर कहे जाने वाले अवधी भाषा के वयोवृद्ध कवि लाल जी देहाती को कबीर दास सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अभ्यागतगण राजेंद्र केसरवानी जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, युवा भाजपा नेता शाश्वत अशोक तिवारी, जिला मंत्री विहिप विनेक तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष भाजकिमो मनोज तिवारी के द्वारा दुर्गा माँ के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कवि सम्मेलन में जय अवस्थी चित्रकूट व टीवी फेम कवयित्री आयुषी त्रिपाठी ने जहाँ ओजपूर्ण रचनाएं पढ़ी वहीं उमेश पटेल पारस ने व्यंग्य क्षणिकाओं से लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्कार भारती के जिला कोषाध्यक्ष कमलेश पांडेय कमल ने श्रृंगार के गीत पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन राज कुमार अंजाना ने किया। कवि सम्मेलन में संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष गिरिजा शंकर राजन ने सभी अतिथियों एवं कवियों को माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर बृजेन्द्र पटेल, शिवकुमार पटेल, अखिलेश पांडेय, रणजीत, अनिल पटेल, बिपिन दुबे, राहुल मिश्र सहित सैकड़ों श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान संघ के मंडल उपाध्यक्ष क्रांतिगुरु गणेश वल्लभ ने आये हुए अतिथियों एवं कवियों के प्रति आभार प्रकट किया। तथा सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती के महामंत्री धनंजय शाश्वत ने किया।

### पांडर गांव में मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप की हुई अर्चना एवं आरती



**जसरा।** विकासखंड जसरा के अन्तर्गत आने वाले गांव पांडर में भी विगत कई वर्षो से युवा मंडली की देखरेख में मां भगवती आदिशक्ति मां दुर्गा का भव्य दरबार लगता है। जिनका दर्शन पाने की आस में ग्रामीण अपने परिवार सहित प्रातःकालीन एवं संध्याकालीन आरती, पूजा-अर्चना करने के लिए उत्सुक रहते हैं।माताजी की आरती में सैकड़ों से अधिक भक्त उपस्थित रहते हैं और मां का प्रसाद ग्रहण करते हैं।आचार्य पण्डित सुनील द्विवेदी जी की देखरेख में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। मुख्य यजमान के रूप में राजेश त्रिपाठी गंगाधाम एवं श्रीमती कुमुद त्रिपाठी द्वारा भक्तिभाव से पूजन अर्चन किया जा रहा है। पांडाल सम्बन्धी समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आदर्श त्रिपाठी, अम्बुज त्रिपाठी, रामजी त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, देवानंद त्रिपाठी, सनत द्विवेदी, शिवम तिवारी,अविनाश त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, अनुज त्रिपाठी, विकाश मिश्रा एवं शिवम त्रिपाठी तत्पर रहते हैं।

### चनेथू, भगवानपुर में भक्तों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन अर्चन



**जंघई।** चनेथू, भगवानपुर दुर्गा पूजा पंडाल में बुधवार को नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना भक्तों द्वारा किया गया। इस दौरान नवरात्रि की पूजा करा रहे आचार्य ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे रूप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना करने से घर के सभी कष्ट दूर होते हैं एवं मनोकामना पूर्ण होती है।मां कुष्मांडा देवी को लाल रंग प्रिय है अतः उसे लाल रंग का फूल चढ़ाना चाहिए साथ ही मीठे पकवान का भोग लगाना चाहिए इससे मां देवी प्रसन्न होती है। इस दौरान नवरात्रि की पूजा अर्चना में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। नवरात्रि के प्रथम दिवस से पूजा पंडाल में आरती पूजन अर्चन भक्तों द्वारा प्रतिदिन भक्तों द्वारा किया जा रहा है महिलाओं द्वारा देवी गीत पचरा प्रस्तुत करके मां को मनाया जा रहा है।प्रेमचंद्र यादव, कमलेश यादव, श्रीकांत यादव, शिवचंद्र यादव, विकास यादव, शिवराम यादव, संतोष यादव, शनि, सचिन, अनुराग, अजय, रिशु सहित तमाम भक्तजन आरती पूजन अर्चन में मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए शुरू हुआ ध्वस्तीकरण, बड़ी संख्या में मकान आए जद में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाकुंभ को लेकर शहर की विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण की कवायद पीडीए ने तेज कर दी है। वहीं, इसका विरोध भी जारी है। लोगों का आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण में बड़ी संख्या में लोगों के मकान और दुकान टूटेंगे।नैनी में अरैल की तरफ जानी वाली कई सड़कों का चौड़ीकरण होना है। इसको लेकर भी लंबे समय से विरोध जारी है। लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने पीडीए उपाध्यक्ष से मुलाकात की। इसके बाद मंगलवार को पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने मौके पर जाकर सड़कों के चौड़ीकरण के हिस्से का निरीक्षण कर लोगों से बातचीत की तो सहमति बन गई। पीडीए उपाध्यक्ष ने लोगों को भरोसा दिलाया कि कोई बेघर नहीं होगा। जरूरत के हिसाब से ही



तोड़फोड़ की जाएगी। किसी का व्यापार भी इससे प्रभावित नहीं होगा। नैनी में लेप्रोसी चौराहा से मेवालाल की बगिया चौराहा, पीडीए मोड़ समेत अन्य सड़कों पर चौड़ीकरण के लिए पीडीए की तरफ से नोटिस जारी करते हुए लाल निशान भी लगा दिया गया है। इसके बाद से लगातार व्यापारी और स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं।लोगों का कहना है कि पीडीए सड़क चौड़ीकरण के लिए जितनी दूर तक लाल निशान लगाया है। उतना टूटने पर लोग सड़क पर आ जाएंगे। इसी को लेकर सोमवार को सांसद रीता बहुगुणा जोशी के आवास पर पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद चौहान और स्थानीय लोगों के बीच वार्ता हुई थी। इसके बाद मंगलवार को पीडीए वीसी ने पहुंचकर सभी सड़कों का निरीक्षण किया।

### सलोरी और गोविंदपुर में भी चौड़ीकरण का विरोध जारी

गोविंदपुर और सलोरी में भी कई सड़कें चिह्नित की गई हैं। इसको लेकर विरोध जारी है। सोमवार को स्थानीय निवासियों ने पीडीए में जाकर अपना विरोध दर्ज कराया था। मंगलवार को भी स्थानीय लोगों का विरोध जारी रहा। लोगों का कहना है कि इससे बड़ी संख्या में इन इलाकों में रहने वाले प्रभावित होंगे।

## 25 वें सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव 31 अक्टूबर से आरंभ : डॉ पांडेय

**करछना।** जमुनापार महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक 21को आगामी 31अक्टूबर से क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित 25वें सात दिवसीय जमुनापार महोत्सव की तैयारियों को लेकर लोकमंगल संस्थान में एक बैठक 21 अक्टूबर कोआहूत की गई है। महोत्सव के संयोजक डॉ. भगवत पांडेय ने बताया कि इस दौरान प्रचार प्रसार समिति, स्वागत समिति, सांस्कृतिक समिति, प्रशासनिक समिति के लोगों के बीच महोत्सव में आयोजित रामकथा और बिबिध प्रकार के कार्यक्रमों को लेकर आपसी विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही विशेष कार्यक्रम के बारे में गहन चर्चा करते हुए अभी से तैयारियों की रूपरेखा तय की जाएगी। मंच व्यवस्थापक कवि अशोक बेसरम ने समितियों से जुड़े पदाधिकारियों को शनिवार को आयोजित बैठक में दिन में 2बजे पहुंचने की अपील की है।

# उरुवा व मेजा के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को मिला टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में व्यापक स्तर से सुधार और पारदर्शिता लाने के लिए सरकार व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को बीआरसी उरुवा के सभागार में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने हेतु विकास खंड उरुवा व मेजा के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए " टैबलेट वितरण समारोह " का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा / मेजा कैलाश सिंह ने की। समारोह की मुख्य अतिथि सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि को बुके व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। प्रो. जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी की सरकार स्कूलों में कायाकल्प के कई काम किये है और डिजिटाइजेशन के उद्देश्य से सभी स्कूलों में शिक्षकों को टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। इससे शैक्षिक गुणवत्ता के बढ़ने के साथ-साथ तकनीकी दक्षता का कार्य आसनी से संपादित होगा। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में या चाहे जिस क्षेत्र में हो पूरी ईमानदारी से कार्य किया है। आज परिषदीय स्कूल व्यवस्थित हो गए हैं। अब जरूरत है कि सब मिलकर इसमें सहयोग करें। टैबलेट के माध्यम से स्कूल की सूचना रियल टाइम द्वारा उपलब्ध होगी। शिक्षकों की समस्या पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि एक शिक्षक के नाते एक कर्मचारी के नाते मैं पुरानी पेंशन बहाली की वकालत करती हूं,क्योंकि अवकाश प्राप्त के बाद पेंशन ही जीने का आधार है। कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन है और इसके संदर्भ में मोदी जी की सरकार ने वित्त मंत्री सीता रमन जी

### कर्मचारियों के हित में है पुरानी पेंशन : रीता जोशी




के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया है। जिसमें निश्चित ही पुरानी पेंशन की मांग पूरी हो सकती है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष व मेजा के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए रीता जोशी को ब्लॉक के समस्त शिक्षकों की तरफ से बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा ब्लॉक के शिक्षक माया तिवारी, शिप्रा, पुष्पलता सिंह, राजेश मिश्रा, रंजना पांडेय, प्रदीप मिश्रा, चित्रपाल सिंह आदि शिक्षकों को टैबलेट प्रदान किया गया।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, बी.के.मिश्रा, सुनील तिवारी, संदीप तिवारी, अनुराग पांडेय, हसन अब्बास, बीआरसी उरुवा के कार्यालय प्रभारी रोहित त्रिपाठी, मुकेश शुक्ला, प्रीतम दास, राजश्री गुप्ता, हरिकेश त्रिपाठी व गिरिजेश श्रीवास्तव आदि शिक्षक तथा भाजपा नेता आशीष मिश्रा, अमरेश तिवारी व राजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

### 22 हजार सिपाहियों को बड़ी राहत

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 2006 से वेतन वृद्धि, पदोन्नति लाभ देने का दिया आदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 2005- 2006 में भर्ती हुए यूपी पुलिस के 22 हजार कॉन्स्टेबलों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने बरखास्तगी समाप्त होने के बाद वर्ष 2006 से सेवा निरंतरता मानते हुए उन्हें वेतन वृद्धि, प्रमोशन समेत सभी सेवा लाभ देने पर सरकार को निर्णय लेने का निर्देश दिया है।यह आदेश जस्टिस अजित कुमार ने मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, जिलों में तैनात हेड कॉन्स्टेबलों तथा कॉन्स्टेबलों की विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया है।

### पेंशन, उपादान, वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति व एसीपी का लाभ देने की मांग

कॉन्स्टेबल नीरज कुमार पांडेय, रामकुमार, दीपक सिंह पोसवाल, रेखा गौतम, प्रमोद यादव व कई अन्य ने अलग-अलग याचिकाओं में मांग की थी कि 17 फरवरी 2022 के शासनादेश के अनुपालन में 2005 -2006 बैच के आरक्षी सिविल पुलिस,आरक्षी पीएसी, सहायक परिचालक रेडियो विभाग के कॉन्स्टेबलों को वर्ष 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें पेंशन, उपादान, वार्षिक वेतन वृद्धि, तथा पदोन्नति का लाभ व एसीपी का लाभ अनुमन्य कराया जाए।

### सपा शासनकाल में भर्ती, बसपा शासन काल में निकाल दिया गया

याची कॉन्स्टेबलों की तरफ से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि सभी याची कॉन्स्टेबलों की भर्ती वर्ष 2005 - 06 में हुई थी। उनकी भर्ती सपा शासनकाल में हुई थी। बसपा शासन काल में इन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था।सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने के बाद इन्हें सेवा में वर्ष 2009 में बहाल किया गया। कहा गया था कि सभी याची कॉन्स्टेबल वर्ष 2006 से नौकरी में है। इन्हें गलत आधार पर निकाल दिया गया था। जिस कारण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वर्ष 2009 में इन्हें बहाल किया गया।सीनियर एडवोकेट गौतम का कहना था, सुप्रीम कोर्ट ने दीपक कुमार के केस में यह आदेश पारित किया है कि वर्ष 2005 - 06 के आरक्षियों की नियुक्तियां उनके नियुक्ति के दिनांक से सेवा में निरंतर माना जाएगा तथा वे सभी कॉन्स्टेबल सभी प्रकार के सेवा लाभ पाने के अनुमन्य होंगे।

### 16 साल की सेवा के बाद दरोगा का वेतनमान पाने के हकदार

कहा गया था कि नियुक्ति के दिनांक से सभी कॉन्स्टेबल 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर द्वितीय प्रमोशनल पे स्केल यानी दरोगा के पद का वेतनमान प्रशिक्षण की अवधि को जोड़ते हुए पाने के हकदार हैं, परंतु इन्हें अभी तक इसका कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है।हाईकोर्ट ने अपने पारित आदेश में 17 फरवरी 2022 को जारी शासनादेश का उल्लेख करते हुए उक्त निर्देश दिया है। कहा है कि कॉन्स्टेबलों की याचिका पर अपर पुलिस महानिदेशक भवन व कल्याण, डीजीपी हेड क्वार्टर उत्तर प्रदेश लखनऊ, सुप्रीम कोर्ट के दीपक कुमार केस में पारित आदेश के क्रम में जारी शासनादेश दिनांक 17 फरवरी 2022 के अनुपालन में याची कॉन्स्टेबलों की सेवा को निरंतर मानते हुए उनके पेंशन, उपादान, वार्षिक वृद्धि, पदोन्नति व एसीपी का लाभ प्रदान करने के संबंध में दो माह के अंदर उचित आदेश पारित करें।

### प्रयागराज में जलसंकट पर हाई कोर्ट गंभीर

**हजार लोगों को पानी न मिलना सिस्टम का मजाक,**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के तिलकनगर, अल्लापुर में 10 हजार लोगों तक पानी की सप्लाई ना पहुंचने का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। देवराज सिंह व 4 अन्य द्वारा दाखिल की गई जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस प्रीतिकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की डबल बेंच ने इस केस में अधिकारियों द्वारा उदासीन रवैया अपनाए जाने पर गहरी नाराजगी जाहिर की और गुरुवार को इस केस को पहले नंबर पर सुनने का आदेश दिया।चीफ जस्टिस ने इस मामले में प्रयागराज के जिलाधिकारी, जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

### चीफ जस्टिस ने कहा-10 हजार लोगों को पानी न मिलना सिस्टम का मजाक

इस केस की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस प्रीतिकर दिवाकर ने कहा कि 10 हजार लोगों तक पानी ना पहुंचना पूरे सिस्टम का मजाक उड़ाता है। विभागों के अधिवक्ताओं ने जो भी कोर्ट के सामने पानी ना पहुंचने का कारण बताया है उससे साफ है कि उच्चाधिकारियों के पास जनता की मूल समस्याओं के लिए समय ही नहीं है। वो कुछ देखना-सुनना ही नहीं चाहते हैं। जनता की बेसिक समस्याओं से रू-ब-रू ही नहीं होना चाहते। इसके बाद चीफ जस्टिस ने डीएम, जल विभाग के अधिशासी अभियंता और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जीएम को तलब किया है। कोर्ट ने इसके साथ ही साथ हर हाल में बस्ती में गुरुवार की शाम तक लोगों के घरों तक पानी की आपूर्ति बहाल करने का आदेश दिया है।

**ट्रांसफार्मर न लगे होने से नहीं चल पा रहा नलकूप :** कोर्ट में जलकल विभाग के अधिवक्ता नीलांबर त्रिपाठी ने कोर्ट में प्रस्तुत होकर कहा कि हमारे पास पानी की कोई कमी नहीं है। लेकिन बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर हटा दिए जाने के कारण हम पानी की सप्लाई नहीं दे पा रहे हैं। इस पर पीआईएल करने वाले देवराज सिंह ने कोर्ट को बताया कि 2021 से यहां के 10 हजार लोगों को पानी की भयंकर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के वकील नरेंद्र कुमार तिवारी का कहना है कि उनके विभाग के पास ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए कोई जमीन नहीं मिली है। ऐसे में समस्या है कि ट्रांसफॉर्मर कहां लगाया जाए। यही कारण है कि बिजली की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

# करंट की चपेट में आने से किसान के बेटे की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थाना अंतर्गत विद्युत करंट की चपेट मे आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया जिसकी सूचना मृतक के पिता ने मांडा पुलिस को दी। वही मांडा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया है। मृतक के परिजनों के साथ सभी के आंखें नम हो गई। उनके तीन बेटी व एक बेटे ने रो रो कर यही कह रहे है कि अब पापा किसे कहेंगे। बच्चों की आवाज सुनकर हर किसी के आंख से आसू रहने लगा। थाना मांडा अन्तर्गत मांडा खास (डेरा पर) निवासी विश्वनाथ सोनकर ने अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए विगत वर्षों से मांडा राजा की भूमि लगान पर लेकर बच्चों के साथ किसानी मजदूरी का काम करके जीवन यापन करता था। वहीं बुधवार को दोपहर लगभग बारह बजे विश्वनाथ सोनकर अपने बेटे राहुल सोनकर उम्र (35) को खेत पर





खाना लेकर पहुंचे तो वहां बेटे को बिजली के खंभे के पास करंट की चपेट में आने से मौके मृतक देखकर रोते बिलखते घर पर सूचना दिया। परिजनों ने शव को घर पर लाया। और इसकी मांडा पुलिस को दी।जानकारी पर मांडा एसआई शैतान सिंह, कांस्टेबल हरे राम राय दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पंचायतनामा भर कर शहर के लिए भेज दिया। मृतक शादी शुदा और पांच भाईयो में विजय, जितेन्द्र, पवन व मंटू से बड़ा था। जो पिता के साथ जीवन यापन के लिए खेती में काम किया करता था। अचानक मौत की घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के तीन बेटी सोनाली 12, प्रियंका 10, खुशी 8 एक बेटा शिवम 6 साल के साथ पत्नी सुनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बच्चों ने यह कहकर रो रहे हैं कि अब पापा किसे कहेंगे। उक्त बातें सुनकर परिजनों के साथ हर किसी के आंख नम हो गईं। वही मृतक की मां रो रो बेसुध होकर जमीन पर गिर गई।

### सांसद डॉ .रीता जोशी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ने हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

**मांडा।** मांडा खास में करंट की चपेट में आने से युवक की मृत्यु होने की खबर सुनकर सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने बुधवार को उनके परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया। राहुल सोनकर के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि घटना बहुत दुःखद एवं हृदयविदारक है। सांसद के साथ भाजपा मांडा पूर्व ब्लॉक प्रमुख



अशोक सिंह, सुजीत केशरवानी, आदि शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। और उनके बेटी सोनाली, प्रियंका, खुशी व बेटे शिवम के साथ मृतक की पत्नी सुनीता देवी से मिलकर हर सम्भव मदद करने की बात कही।

# मेरा राजनीतिक जीवन मेजा के लिए समर्पित : नीलम

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विधान सभा मेजा की पूर्व भाजपा विधायक नीलम उदयभान करवरिया का 54वां जन्मदिन मंगलवार को उनके लखनपुर आवास पर समर्थकों व कार्यकताओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया और उनके दीघार्यु होने की कामना किया। जन्मदिन की बधाई देने के लिए कार्यकताओं एवं समर्थकों की भीड़ पूरे दिन चलती रही। जन्मदिन की तैयारी के लिए करीब एक सप्ताह से समर्थकों द्वारा की जा रही थी।पूर्व विधायक के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेजा क्षेत्र को बैनरो व पोस्टरो से सजाया गया था। मेजा में भाभी मां के नाम सबके दिलों में राज करने वाली नीलम का समर्थकों ने 16-17 अक्टूबर की रात ठीक 12 बजते ही आतिशबाजी की और फिर केक काटकर जन्मदिन की खुशी का आगाज किया। सुबह से ही पूर्व विधायक नीलम करवरिया को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। पूर्व विधायक नीलम करवरिया को भाजपा पदाधिकारियों कार्यकताओं एवं आम लोगों के साथ अन्य पार्टियों के नेताओं एवं कार्यकताओं ने भी उनके आवास पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी। पूर्व



विधायक ने कहा कि अपना जन्मदिन आप लोगों के साथ मनाकर अलग ही खुशी की अनुभूति होती है, विधायक न होते हुए भी जिस तरह से मेजा के लोगों का प्यार आशीर्वाद मिल रहा है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने कहा कि मेरा राजनीतिक जीवन मेजा के लोगों के लिए समर्पित है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जय शंकर पाण्डेय, नित्यानंद उपाध्याय, जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी,वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, कमलेश मिश्र, रुप नारायण मिश्र, मण्डल मंत्री संजय तिवारी, पंकज राव , आशुतोष मिश्र, राहुल मिश्र, मयंक शुक्ल, कामेश्वर पटेल, जगत नारायण पाण्डेय, रमा कान्त पाण्डेय, तारकेश्वर दूबे , हिंछ लाल तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ल, सिद्धांत तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि उरूवा भोला गौतम, अरूण तिवारी, राजेश द्विवेदी प्रधान सोरांव, नाथू गुप्ता, शैलेश पाण्डेय, हेमंत दुबे, विजयकांत शुक्ला, सोनू मिश्रा, राहुल मिश्रा,विनय शुक्ला बुटानू, राजू मणिनाथ तिवारी, पुष्कर तिवारी, धीरू शुक्ला,राम मिश्रा,सबल तिवारी, सोनू शुक्ला, ओपी शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, राहुल दुबे, मनीष पांडेय, अवनीश द्विवेदी, शोभित शुक्ला,बबलू परसिया, विकास तिवारी, श्लोक शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### आमने-सामने बाइक टकराई, भाभी देवर की हालत गंभीर

**खीरी।** खीरी थाना क्षेत्र के कचरा चौराहे के पास बुधवार को समय लगभग साढ़े चार बजे आमने-सामने दो बाइकों में भिड़त हो गया जिसमें भाभी और देवर की हालत गंभीर है प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा पत्नी सोनू दैला पुत्र ज्ञान प्रकाश गांव कंचनवा थाना कौंधियारा निवासी घर से खीरी की ओर रिश्तेदारी में जा रहे थे जैसे कचरा चौराहे के समीप पहुंच रहे थे सौरभ पुत्र ओमप्रकाश गांव कोलाही पिपराव थाना खीरी निवासी कचरा चौराहे से अपने घर जा रहा था प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सौरभ अपनी बाइक लहराते हुए चल रहा था अचानक दोनों में भिड़ंत हो गया पूजा के सर में गंभीर चोट आई हुई है जिससे उसका सर फट गया है जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है देवर दैला को भी गंभीर चोटे आई हुई हैं जिसे ग्रामीणों ने नजदीक के डॉक्टर से तत्कालीन उपचार कराने के बाद हालत गंभीर देख शहर के लिए मौके पर पहुंचे परिजनों ने लेकर चले गए सूचना पाकर कचरा पुलिस चौकी के पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों को इलाज हेतु भेज दिया गया सौरभ को हल्की छोटे आई हुई है।

### खड़ी ट्रक से अनियंत्रित पिकअप भिड़ी, दो गंभीर रूप से घायल

**मेजा।** मेजा के मनू का पूरा गांव के समीप प्रयागराज-मिजार्पुर मार्ग पर खड़ी ट्रक में अनियंत्रित पिकअप गाड़ी भीड़ गई, जिससे पिकअप चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा भेजा गया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह मेजा थाना क्षेत्र के मनू का पूरा गांव के पेट्रोल पंप के सामने प्रयागराज की तरफ जा रही अनियंत्रित पिकअप गाड़ी खड़ी ट्रक में जा घुसी। जिससे पिकअप चालक उजैफ अहमद पुत्र शानू अहमद निवासी कानपुर नगर व उसका साथी कृष्णा पुत्र विजय कुमार निवासी कानपुर नगर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा भिजवाया। सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक डॉ बबलू सोनकर ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति गंभीर थी। जिसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# यमुनापार क्षेत्र की जनता का सेवा ही संकल्प : डॉ. संगम मिश्र

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** अनुसूचित जाति-जनजाति सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. संगम मिश्र ने कहा मैं यमुनापार के दलित शोषित तथा वंचितों के साथ साथ सर्व समाज की सेवा का संकल्प लेकर आया हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. संगम मिश्र ने उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड आदि सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से जनता को हो रहे लाभ के विषय में लोगों को विस्तार से जानकारी दिया उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लोगों ने सड़क, पानी, नाली एवं पशुओं से आ रही कठिनाइयों की जानकारी मुझे दी है।इस विषय में मैं उच्चधिकारियों से मिल कर शीघ्र समस्या के समाधान का प्रयास करूगा । इतना ही नहीं श्री मिश्र ने यह भी कहा कि यदि मै सांसद बना तो क्षेत्र में बड़ी बड़ी गौशालाएं बनवाने का काम करुगा जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि दिलीप शुक्ल डॉ.संगम मिश्र के द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे दलित शोषित वंचित के प्रति कार्यों की सराहना करते हुए। कहा कि कोई भी दलित शोषित वंचित अपने सुख-दुख में हमेशा डॉ. संगम मिश्र को याद करता है,तो डॉ संगम स्वयं उनके सुख-दुख में सदैव उपस्थित रहते हैं और यथाशक्ति सहायता प्रदान करते हैं।अनुसूचित जाति जनजाति महासम्मेलन में मंच का संचालन करते हुए शंकरदेव त्रिपाठी ने भी इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में डॉ. संगम मिश्र के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी सराहना करते हुए बताया की पूरे यमुनापार क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंपों में हजारों लोगों को आंखों



का चश्मा एवं दवाइयां लगातार वितरित की जा रही हैं।आगे भी स्वास्थ्य योजनाएं हर विधानसभा में महत्वपूर्ण स्थानों पर आयोजित कराए जाने से सम्बन्धित कार्य हो रहे हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक राजाराम चौधरी, दीपक त्रिपाठी, विजय बहादुर चौधरी, राजेश चौधरी, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर एस. के. तिवारी, राममिलन कुशवाहा, अभय राज आदिवासी, संजय आदिवासी, लाल जी प्रजापति, लल्लन जतन चौधरी, वसंत लाल आदिवासी, विनोद कुमार पांडे, राम निहोर, राजेश कुमार, विजय कुमार, हनुमत प्रसाद, चंदन प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, भोलानाथ, होरीलाल, अभिमन्यु, श्रीपाल, शिव शंकर, सिद्धनाथ, राज किशोर घनश्याम, दयाशंकर, रमेश, कमल नारायण मिश्रा, अमरेश मिश्र, विजय प्रकाश आदि बहुत बड़ी संख्या में दलित समाज व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा...

### प्रयागराज के युवक की बंगलुरु में मौत, कमरे में मिली लाश, ट्रांसपोर्ट में करता था काम



**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के पयागपुर गांव के रहने वाले विनोद कुमार पांडेय का बेटा रविशंकर पांडेय (26) बेंगलुरू स्थित ट्रांसपोर्ट में काम करता था। रोजाना की तरह वह शनिवार की रात ट्रांसपोर्ट गया और रविवार सुबह कमरे पर पहुंचा। इस दौरान थोड़ी देर बाद उसकी कमरे में आसपास के लोगों ने लाश देखी तो हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ जुट गई। बेंगलुरु पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड व ट्रांसपोर्ट आईडी से शिनाख्त कर कम्पनी मालिक को सूचना देकर बुलाया। इस दौरान ट्रांसपोर्टर से मिले मृतक के परिजनों के नम्बर पर पुलिस ने सूचना दी।मौत की जानकारी पर घर में कोहराम मच गया। वही स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए जांच कर कार्रवाई की बात कही। पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गांव लाया जाएगा। गौरतलब हो कि वह घर का इकलौता कमाऊ पूत था। उसकी घटना को लेकर परिजनों का बुरा हाल है।

### डेंगू से किशोर की मौत, गांव में दहशत



**सोरांव।** उसरही गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान सीता देवी कुशवाहा का पोता आयुष कुमार कुशवाहा 6 साल को तकरीबन एक सप्ताह से बुखार आ रहा था। किशोर बीबीएस इंटर नेशनल स्कूल में कक्षा एलकेजी का छात्र था। जिसको लेकर मलाका के एक निजी हॉस्पिटल से इलाज चल रहा रहा था। लेकिन आराम नही लगने से दो दिन पहले शांति पुरम के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किए जहां पर इलाज चल रहा था। घर वालों के मुताबिक डाक्टरों ने ब्लड रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि की थी। लेकिन हाथ पैर में ज्यादा दर्द होने के चलते बीती रात आयुष की मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही घर वालों को हुई तो पैरों तले जमीन खिसक गई। मृतक किशोर के पिता दिनेश कुमार कुशवाहा, माता ज्योति देवी सहित बाबा अवधेश कुशवाहा चाचा राजेश कुशवाहा संग परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की एक बहिन अनाया के एक इकलौते भाई की मौत से पूरा परिवार दुखी है।इस बाबत सीएचसी सोरांव कि अधीक्षक अनुपम द्विवेदी का कहना है कि इस प्रकरण में हमारे पास अभी कोई भी प्रकार की लिखित सूचनाओं नहीं आए हैं।

### प्रयागराज झांसी क्षेत्र के शिक्षक विधायक का नैनी में हुआ आगमन



**नैनी!** नैनी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई बाजार नैनी में प्रयागराज झांसी क्षेत्र के शिक्षक विधायक बाबू राम तिवारी का आगमन हुआ जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किए एवं विद्यालय के प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए साथ में विद्यालय के प्रबंधक निदेशक कीर्ति प्रकाश द्विवेदी, कार्यालय प्रमुख ज्योति प्रकाश द्विवेदी, पूर्व छात्र शुभम विश्वकर्मा, आदि शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत किया गया !

### रचनात्मक संसार में अनुपम आनंद सदैव स्मरण किए जायेंगे : डॉ. सरोज सिंह



**प्रयागराज।** चौधरी महादेव प्रसाद ( सीएमपी ) पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग की तरफ से रंगकर्मी और प्राध्यापक डॉ. अनुपम आनंद को उनकी जयंती पर स्मरण किया । डॉ. सरोज सिंह ने कहा कि डॉ. अनुपम आनंद कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक ही नहीं, बल्कि रंगमंच की दुनिया के जाने माने रचनाकार , कलाकार और व्यंग्यकार थे। उनकी वाणी और लेखनी में सामाजिक, राजनीतिक, और आर्थिक व्यंग्य भी परिलक्षित होता रहता था। उनकी सक्रियता, बौद्धिक क्षमता और तर्कशक्ति के हम सभी का कायल हैं। रचनात्मक संसार में अनुपम आनंद सदैव स्मरण किए जायेंगे । पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष करन सिंह परिहार ने हिंदी विभाग एसोसिएट प्रोफेसर और प्रसिद्ध रंगकर्मी डॉ. अनुपम आनंद की की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की । करन सिंह परिहार कहते हैं एक शिक्षक के रूप में और रंगकर्मी के रूप में उनकी गहरी समझ थी। गंभीर बातचीत के अतिरिक्त वह बहुत उम्दा व्यक्तिव्य के धनी भी थे।

### रोटरी क्लब द्वारा सैकड़ो का निःशुल्क हुआ दन्त परीक्षण




**हनुमानगंज।** धनैचा-मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में रोटरी क्लब के सौजन्य से बुधवार को निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिमसें सैकड़ो स्थानीय लोगों के साथ स्कूल के बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण कर सभी मरीजो को रोटरी क्लब प्रयागराज संगम की तरफ से सप्ताह भर की दवाइयाँ भी निःशुल्क प्रदान की गईं। डॉ. संदीप शुक्ला, डॉ. प्रियम शुक्ला, और डॉ. श्रेयांशी ने शिविर में आए हुए लोगों के दांतो के परीक्षण के बाद दांतों को स्वस्थ्य रखने की नुस्खे भी बताएं। आमतौर पर बच्चों में दांतों की देखभाल की प्रति उपेक्षा के कारण उनके दांतों में कैविटी और मसूड़ो में जख्म बन जाते हैं जिसके कारण उन्हें अत्यधिक दर्द होता है। वयस्क लोगों में भी इसी तरह की कठिनाइयां पाई जाती हैं। शिविर रोटरी क्लब प्रयागराज संगम के अध्यक्ष विकास एवं सचिव .डॉ. गिरीश कुमार पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ।

## संविदा लाईनमैन की मौत पर आक्रोश, पुलिस अफसरों के समझाने पर माने लोग

### मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात विद्युतकर्मियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संविदा लाइनमैन की मौत को लेकर बुधवार को परिवार के लोगों के साथ ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। आक्रोशित लोग शव लेकर सांगीपुर थाना गेट के सामने पहुंचे और मार्ग पर शव रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सराय लालशाह निवासी अटठाईस वर्षीय रामपूजन वर्मा उर्फ बजरंगी पुत्र राजाराम वर्मा सांगीपुर विद्युत उपकेन्द्र पर संविदा लाइनमैन था।

वह मंगलवार शाम पांच बजे अफसरों के निर्देश पर सुजाखर गांव में सुरेश कुमार वैश्य की सबमर्सिबल का कनेक्शन करने गया था। कनेक्शन करने के दौरान विभागीयकर्मियों द्वारा लाइन जोड़ देने से वह करंट की चपेट में आ गया। सांगीपुर सीएचसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। गम के बीच मौत को लेकर विभागीय लापरवाही की भी चर्चा शुरू हो गयी है। परिवार के लोगों के साथ आक्रोशित ग्रामीण पिकप पर मृतक का शव रखकर दोपहर करीब ढ़ाई बजे सांगीपुर थाना गेट के सामने पहुंचे और सड़क पर पिकप खड़ी कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे सीओ रामसूरत सोनकर के घण्टे भर मान मनौवल के बाद लोग किसी तरह माने। इस दौरान मार्ग पर आवागमन भी बाधित दिखा। जेई बृजेश ने बताया कि मृतक आश्रित परिवार को हर सम्भव विभागीय मदद की जाएगी। एसओ सांगीपुर त्रिलोकी नाथ पाण्डेय का कहना है कि मृतक के पिता राजाराम वर्मा की तहरीर पर अज्ञात विद्युतकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराकर प्रशिक्षणार्थियों को कराएं सेवायोजितः डीएम

### जिला कौशल समिति एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला कौशल समिति एवं जेल स्किल डेवलपमेन्ट समिति एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ कौशल प्रशिक्षण की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने युवाओं को सही प्रशिक्षण न देने, फजीर्वाड़ा करने पर प्रशिक्षण प्रदाताओं को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उनके खिलाफ कार्रवाई करने हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। उन्होने जिला एमआईएस प्रबन्धक वन्दना सिंह को निर्देशित किया कि युवाओं का चयन स्वयं के द्वारा किया जाये जिससे सही युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सके और रोजगार कर सके, जो युवा प्रशिक्षण प्राप्त करते है उन्हें लोकल स्तर पर रोजगार हेतु व्यवस्था करायी जाये। बैठक में अनुपस्थित प्रशिक्षण प्रदाताओं को स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराया जाये एवं प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित कराया जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाये, अवशेष बैच में वर्दी व पाठ्यपुस्तक जल्द से जल्द वितरित करें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन अजय कुमार त्रिपाठी, जिला एमआईएस प्रबन्धक वन्दना सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व प्रशिक्षण प्रदाता व समिति के सदस्य मो0 अनाम व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।



कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

## अभियान चलाकर बेसिक स्कूलों में पहुचाई जाएगी बिजली

### बिजली के अभाव में नही चल पा रहे स्मार्ट क्लास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार जहां बेसिक स्कूलों में संसाधनों को मुहैया करवाकर बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने का अभियान चला रही है। वही जिले में 664 स्कूल इस तरह के है जहाँ अब तक विजली ही नही पहुंच सकी है। अब विजली न होने के चलते यहाँ स्मार्ट क्लास का संचालन सम्भव ही नही है। वही शासन की सख्ती के बाद विजली विभाग अब इन स्कूलों में अभियान चलाकर कनेक्शन देने जा रहा है इसके लिए विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है।

गौरतलब हो कि जिले में बेसिक शिक्षा विभाग केकुल 664 स्कूल अभी बिजली की सुबिधा से वंचित हैं। वहाँ बिजली के खम्भो की स्कूल की दूरी 40 मित्र से अधिक है। बेसिक शिक्षा विभाग के सूत्रों की माने तो विभाग ने इन स्कूलों में कनेक्शन के लिए धनराशि बिजली विभाग में जमा करवा दी है। पर कनेक्शन न होने से यहाँ स्मार्ट क्लास के साथ ही ऑनलाइन पठन पाठन का कार्य नही हो पा रहा है। शासन के संज्ञान में मामला आने के बाद बिजली विभाग सक्रिय हुआ है और इन स्कूलों में खम्भा व तार लगाकर बिजली पहुंचाने की तैयारी चल रही है। जिसके तहत आगामी 15 नवम्बर तक सभी स्कूलों में बिजली से जोड़ने का लक्ष्य बनाया गया है। विजली विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार का कहना है कि वंचित सभी स्कूलों में बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही इन स्कूलों में बिजली के कनेक्शन हो जाएंगे।

## एडीजी ने एसपी कार्यालय में किया साइबर थाने का उद्घाटन

### आईजी, डीएम, एसपी की मौजूदगी में छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साइबर थाना का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार साइबर क्राइम को नियंत्रित करने के लिये यह कदम उठाया है। इससे साइबर अपराधों में कमी आएगी।

इसके पूर्व एडीजी भानु भास्कर को पुलिसजनों ने गार्ड आफ ऑनर की सलामी दी। उसके बाद वह आईजी चंद्र प्रकाश, जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ साइबर थाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने साइबर थाने के संचालन हेतु सम्बन्धित पुलिसजनों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इसके बाद संत अंथोनी इंटर कालेज के छात्रों व महिला पुलिस कर्मियों के साथ महिला सुरक्षा सम्मान के लिये जागरुकता रैली निकाली गई। इसको हरी झण्डी दिखाकर एडीजी ने रवाना किया। इस रैली में सभी अधिकारी टेज्जरी चैराहे पर पैदल आए। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ही महिला सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु सशक्त नारी समृद्धि प्रदेश सेल्फी प्वाइंट पर महिलाओं द्वारा सेल्फी ली गई।



जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाते एडीजी भानु भास्कर।

## महिला ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने पड़ोसियों पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। घटना बुधवार की सुबह की है, विवाहिता अपने घर पर थी। इसी बीच पड़ोस के युवक उसके घर में घुस गया, और छेड़खानी करने लगा, जब इसका विरोध विवाहिता ने किया तो उक्त युवक उसे मारने पीटने लगा हल्ला गुहार होने पर उसकी सास बचाने के लिए आई तो उसे भी लाठी डंडों से मारपीट कर जख्मी कर दिया, जिससे दोनों लोग घायल हो गए और जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में विवाहिता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## शारदीय नवरात्रि पर महिलाओ ने निकाली कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर कालाकाकर (मोहमदाबाद) उपरहार मे एक दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन उक्त गांव निवासी फूलचन्द केसरवानी के तत्वाधान में सोमवार को आयोजित किया गया जिसमे मंगलवार को समापन किया गया। कार्यक्रम मे फूलचंद केसरवानी की पत्नी आशा केसरवानी, आशीष कुमार यजमान रहे। कार्यक्रम के समापन पर पुरोहित कुलदीप ओझा ने बुधवार को अपने यजमान आशा केसरवानी व आशीष केसरवानी के साथ गांव की महिलाओ के संग कालाकांकर गंगा नदी से कलश मे जलभरकर गाजा बाजा के साथ पैदल कलश यात्रा निकाली जो चैराहे स्थिति मंदिर पर यात्रा पुरी हुई। गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ दुर्गा पंडाल मे मां दुर्गा की मूर्ति को विराजमान करके उनकी पूजा अर्चना की जाएगी। उक्त कार्यक्रम ग्रामवासियो के सहयोग से किया जा रहा है जिसमे युवा वर्ग सबसे ज्यादा सक्रिय दिखाई दिये।



सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं का नाम सूची में बढ़वाएंः दिलीप

### वोटर चेतना महाभियान की कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कार्यालय भाजपा में वोटर चेतना महाअभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल किया। कार्यशाला मंच पर सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, धीरज ओझा पूर्व विधायक, प्रमोद मौर्य, हरिओम मिश्र, राजेश सिंह, पवन गौतम उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता आशीष श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवा, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य और दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है, ताकि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य सफल हो। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने युवाओं को मत के महत्व से अवगत करवाने तथा नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना महाअभियान के तहत सभी मण्डलो में 19 व 20 अक्टूबर को इसी प्रकार की कार्यशाला पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक मिश्रा, अशोक सरोज ओमप्रकाश पाण्डे गुड्डू, सतीश चैरसिया, अनुराग मिस्त्र, भूपेश त्रिपाठी, सरोज त्रिपाठी, नितिन केशरवानी राजेश मिश्र राजन, अंकित तिवारी, बृजेश पांडेय विद्यासागर शुक्ला, अजय वर्मा राघवेन्द्र शुक्ल, देवेश त्रिपाठी अंकित तिवारी रजत सक्सेना एवं सभी मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष मोर्चो के अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत जिला मुख्यालय ले जाया गया कलश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मेरी माटी मेरा देश के तहत बुधवार को ब्लाक लालगंज की सभी ग्राम पंचायतों से प्रधान द्वारा कलश में गांव की मिटटी रखकर उसे ब्लाक लाया गया। यहां बीडीओ इंदु प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पंचायत सचिवों ने ग्राम पंचायतों से लायी गयी मिटटी को एक बड़े कलश में रखा। इसके बाद ब्लाक कर्मचारियों व मौजूद लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाये। मिटटी से भरे इस कलश को जिला मुख्यालय के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर ब्लाक कर्मचारी चंद्रमौलि सिंह, संदीप कुमार, अंकुर पाण्डेय, आत्माराम, जगन्नाथ यादव, अविनाश प्रताप सिंह, पूनम शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अन्तर्गत जनपद में मिलेट्स फसलों को बढ़ावा एवं उत्पादों के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषकों एवं जनमानस को जागरूक एवं प्रेरित करने हेतु जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन 19 अक्टूबर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से कृषि भवन परिसर से प्रारम्भ होकर कचेहरी होते हुये शहर के प्रमुख स्थलों पर भ्रमण कराया जाना है जिसमें माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी तथा जनपद के अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकास खण्ड के कृषकों एवं एनसीसी कैडेट व आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी प्रतिभागिता करायी जानी है। समस्त कृषक बन्धु कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा को लेकर आयोजित हुई जागरूकता शिविर, विधिक साक्षरता की दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के निर्देशन में अपर जिला जज सचिव नीरज बरनवाल के कुशल मार्गदर्शन में आज 18 अक्टूबर 2023 को रानीगंज तहसील के पूरे गोलिया स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवम जागरूकता शिविर आयोजित की गई।

शिविर में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के पीएलवी अनिल पांडेय ने कहा कि समाज में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और असमानता को समाप्त करने की आवश्यकता है आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषो से पीछे नहीं हैं महिलाओं के अधिकारों के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है और उन्हें मुक्त कानूनी सहायता भी प्रदान की जाती है। किसी भी विद्यार्थी को कोई समस्या है तो वह अपना प्रार्थना पत्र प्राधिकरण के कार्यालय में दे सकता है जिसका कोई शुल्क नहीं है। पीएलवी दिनेश मिश्र ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को चिन्हित कर उनको निःशुल्क त्वरित न्याय दिलाना है समाज में महिला उत्पीडन राजस्व विवाद वैवाहिक विवाद श्रम विवाद बीमा वाद के साथ ही तमाम समस्याएं देखने को मिलती हैं जिसके समाधान के लिए पीड़ित व्यक्ति तहसील में स्थापित लीगल एड क्लीनिक पर आकर अपना प्रार्थना पत्र देकर न्याय पा सकता है। महिला कल्याण विभाग की जिला समन्वयक प्रिया जायसवाल ने बताया कि बाल विवाह के रोकथाम के लिए हम सब को जागरूक होना पड़ेगा बाल विवाह का दुष्प्रभाव बालिका के जीवन पर बुरा प्रभाव डालता है। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी। जिला समन्वयक वंदना शुक्ला ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा। महिला आरक्षी दिव्या ने मिशन शक्ति अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पीएलवी महेंद्र तिवारी पीएलवी सुरेंद्र कुमार सरोज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर का संचालन सहायक अध्यापक अभिषेक पांडेय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो द्वारा दी गई कानूनी जानकारी के प्रति प्रधानाचार्य केशव प्रसाद त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान महिला आरक्षी अर्चना वर्मा, आरक्षी रवि, सहायक अध्यापक गिरीश चंद श्रीवास्तव, राहुल यादव, रुचि पांडेय, कमलेश कुमारी गुप्ता, श्याम शंकर श्रीवास्तव, अजीत प्रताप सिंह, शशि यादव सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



विधिक साक्षरता शिविर में जानकारी देतीं अतिथि।

## भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा मिश्रा एवं श्रेया मौर्य रहीं अव्वल

### राजकीय बालिका इंटर कालेज में हुई निबंध व भाषण प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में खादी के महत्व एवं उसकी जन जागरूकता के लिए जनपद स्तरीय निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय राष्ट्र के लिए खादी, फैशन के लिए खादी रहा।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया और आकर्षक एवं सुंदर ढंग से अपने प्रस्तुति की। प्रतियोगिता में सम्मानित निर्णायक मंडल के रूप में शिखा श्रीवास्तव एवं मंजू कुशवाहा रही। संचालन करते हुए डॉक्टर मोहम्मद अनीश ने बताया कि अभी हाल में ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मंत्र दिया खादी देश के लिए, खादी फैशन के लिए। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गरिमा श्रीवास्तव ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में खादी कपड़े का बहुत महत्व रहा है। इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश द्विवेदी, मधुबाला पांडे, डॉ कल्पना, उमर जमील आदि उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए 12 छात्र-छात्राओं का भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता में चयन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा मिश्रा एवं श्रेया मौर्य तथा निबंध में प्रियांशी एवं कीर्ति केसरवानी सर्वोच्च रहीं।




प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षकगण व छात्राएं।

## मारपीट व धमकी को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के डीहमेंहदी बाबूगंज निवासी मो. हसनैन पुत्र अब्दुल हजीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दस अक्टूबर को करीब सात बजे पडोस के शमीम उर्फ छोटके व सरीफ पुत्रगण जमालुददीन ने दो अन्य लोगों के साथ एकराय होकर घर मे घुसकर उसकी बहन को मारापीटा। बचाव मे पहुंची घर की शहनाज को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## स्कूल में घुसकर छात्र की पिटाई, पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल में घुसकर छात्र के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित छात्र ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थानान्तर्गत दखिनहा नौबस्ता निवासी सुमित गौड पुत्र राजेश गौड ने बुधवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह डभियार स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। बुधवार की सुबह नौ बजे वह स्कूल परिसर में मौजूद था। इसी बीच देउम गांव निवासी एक युवक अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ स्कूल की बाउण्डी लांघकर अंदर आ गया। आरोप है कि आरोपियो ने छात्र को गाली देते हुए हांकी से जमकर मारापीटा।

## शादी का झांसा देकर किशोरी का किया अपहरण, दो पर केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शादी का झांसा देकर किशोरी के अपहरण की घटना में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़िता का पिता के अनुसार चार अक्टूबर को शाम करीब सात बजे रायबरेली जिले के साहबगंज बाजार निवासी सुरेन्द्र सरोज पुत्र रामराज सरोज परिवार के एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उसकी सोलह वषीर्या पुत्री को शादी का झांसा देकर दिल्ली भगा ले गया। दो दिन बाद आरोपी पीड़िता को रायबरेली जिले के सलोन बस स्टेशन पर छोडकर भाग निकला। पीड़िता आरोपी के घर पहुंची तो वहां परिवार के लोगों ने गाली देते हुए उसके साथ मारपीट भी किया। मामले में जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## रंजिश में महिला को मारपीट कर पड़ोसियों ने किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश में महिला को आरोपियों ने मारपीट का जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने इस संबंध में पति कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेबोध राम मैंनहा की रहने वाली उर्मिला पत्नी विपिन ने बताया कि उसके पड़ोसी पुरानी रंजिश की वजह से आधा दर्जन लोग इकट्ठा होकर लाठी डंडों से उसे पीट कर जख्मी कर दिया जान बचाने के लिए वह घर में घुसी तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे मारा पीटा पीड़ित महिला ने नामजद तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को डीएम ने किया टैबलेट वितरित

## विकास खण्ड मंझनपुर के परिषदीय विद्यालयों के कुल 238 शिक्षक शिक्षिकाओं को टैबलेट किया गया वितरित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उदयन सभागार में आयोजित लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ कर शिक्षक शिक्षिकाओं को टैबलेट वितरित किया। टैबलेट वितरण कार्यक्रम में विकास खण्ड मंझनपुर के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं को कुल 238 टैबलेट वितरित कियें गये। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा शिक्षकों को टैबलेट वितरण का कार्य बहुत ही सराहनीय पहल है,




इससे शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों ऑनलाइन कार्यों-निपुण भारत सहित अन्य कार्यों को सुगमतापूर्वक सम्पादित कर सकेंगे। शासन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में ऑपरेशन कायाकल्प सहित आदि सराहनीय कार्य किया जा रहा हैं। प्रेरणा एप के माध्यम से शिक्षकों के अवकाश से सम्बन्धित आवेदनों को समय से निस्तारित किया जा रहा है। उन्हांने शिक्षकों से कहा कि समय से विद्यालय जायें तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें।जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा 1844 टैबलेट उपलब्ध कराये गये हैं। प्रत्येक परिषदीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ सहायक अध्यापक को एक-एक टैबलेट वितरित किया जाना है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं खण्ड शिक्षाधिकारी मंझनपुर जवाहर लाल यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा शिक्षक/शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।



## अवैध खनन एवं परिवहन न किया जाए, पट्टाधारकों के साथ बैठक कर डीएम एसपी ने दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों एवं पट्टाधारकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें बैठक में जिलाधिकारी ने सभी पट्टाधारकों से कहा कि अवैध खनन एवं परिवहन न किया जाय। गाड़ियां में स्पष्ट रूप से नम्बर अंकित न होने पर बालू न दिया जाय। गाड़ियों को ओवरलोड न किया जाय। खनन पट्टा क्षेत्र में नाव से खनन एवं लिफ्टर का प्रयोग न किया जाय। पट्टाधारक अपने क्षेत्र का सीमा पिलर स्थापित करेंगे तथा वे-ब्रिज एवं कैमरे को सही स्थिति में रखेंगे। उन्होंने कहा कि जनपदीय टास्कफोर्स द्वारा सप्ताह में कम से कम 02 दिन संयुक्त रूप से अवैध खनन परिवहन की जॉच सुनिश्चित की जायेंगी। खनन पट्टा क्षेत्र की जॉच उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं खनन अधिकारी द्वारा निश्चित रूप से की जायेंगी। उन्होंने पट्टाधारकों से कहा कि खनन पट्टे की बकाया धनराशि जमा कर दिया जाय। पुलिस अधीक्षक ने पट्टाधारकों से कहा कि जनपद में अवैध खनन अवैध भण्डारण न किया जाय, अवैध खनन अवैध भण्डारण पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि ओवरलोड गाड़ियों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम,अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, सभी उप जिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं पट्टाधारक उपस्थित रहें।

# न्यूज झरोखा

## डॉक्टर तनु केसरवानी का हुआ चयन



**करारी कौशाम्बी।** करारी कस्बे की रहने वाली ब्यापारी की पुत्री तनु केसरवानी ने वर्ष 2016 बैच में एमबीबीएस की पढ़ाई की थी इंटरमीडिएट तक की उनकी पढ़ाई रिजवी कॉलेज करारी में हुई है एमबीबीएस की शिक्षा पूर्ण होने के बाद तनु केसरवानी का नीट पीजी में नाक कान गला रोग चिकित्सक एमएस विशेषज्ञ की चिकित्सा शिक्षा ग्रहण के लिए मेडिकल कॉलेज गोंदिया महाराष्ट्र में चयन हो गया है तनु केसरवानी के डॉक्टर में चयन होने की जानकारी मिलने पर परिवार में खुशी की लहर है उनके पिता पूरनमल केसरवानी और माता ने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## तहसीलदार ने स्वयं फसल काटकर किसानों को किया उत्साहित



**करारी कौशाम्बी** मंझनपुर तहसीलदार भूपाल सिंह ने क्रॉप कटिंग में स्वयं फसल काटकर किसानों को प्रोत्साहित किया है इस दौरान उन्होंने किसानों से क्रॉप कटिंग के फायदे बताएं हैं तहसीलदार को फसल काटते देखकर मौके पर किसानों की भीड़ लग गई तहसीलदार भूपाल सिंह ने बुधवार को ग्राम असाढ़ा वा गुलामीपुर मे किसानों के खेतों में खड़ी फसल की क्रॉप कटिंग कर फसल की कटाई का शुभारंभ किया है इस दौरान कृषि अधिकारी मनोज मिश्रा व लेखपाल सरोज दुबे सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## नशामुक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्रधानाचार्यों के साथ बैठक



**कौशाम्बी** दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव द्वारा कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में नशामुक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की गई बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जनपद के 54 माध्यमिक विद्यालयों में नशामुक्ति के सम्बन्ध में कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को नशा के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशामुक्त के प्रति जागरूक किया जायेंगा। उन्हांने कहा कि संस्था-वॉलेन्टरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के सदस्य बिनोय मैथू एवं आकांक्षा द्वारा विद्यार्थियों को नशामुक्त के प्रति जागरूक किया जायेंगा कार्यक्रम संयोजक प्रेम चौधरी ने कहा कि नशामुक्त कार्यक्रम प्रधानमंत्री की महत्वाकॉक्षी कार्यक्रम है। नशा का दुष्प्रभाव व्यक्ति के साथ ही पूरे परिवार पर पड़ता है। हम लोगां को बच्चों को नशामुक्त बनाना है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो से नशामुक्त कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की।

## छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दुर्गा पंडाल में दिखाई गई झांकियां



**कौशाम्बी** श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति नेहारु नगर मंझनपुर के अध्यक्ष अमरेश कुमार केसरवानी कल्लू पडा के नेतृत्व में भव्य दुर्गा पंडाल सजाया गया है जहां प्रतिदिन कीर्तन भजन पूजन आरती आदि में महिला पुरुष भक्तों की भीड़ उमड़ रही है बीते 17 वर्षों से निरंतर भक्तों के सहयोग से पंडाल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर भक्त पूजा पाठ अर्चन कर रहे हैं इस वर्ष दुर्गा पंडाल में छोटे छोटे बच्चो के द्वारा भव्य झांकियां दिखाई गई जिसकी लोगों ने प्रशंसा की है झांकी दिखाने वाले बच्चों में नंदनी केसरवानी , रिया,सोनी श्री, केसरवानी, जानवी सोनी ,अंशिका मोदनवाल, आंशिक सोनी,आदि लोग मौजूद रहे

## थाना प्रभारी ने मूर्ति पंडाल का किया निरीक्षण



**हर्रायपुर कौशाम्बी** दुर्गा पंडाल में स्थापित प्रतिमाओं का निरीक्षण करने कोतवाल पहुंचे हैं और पूजा कमेटी से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली है संदीपन घाट थाना प्रभारी भुनेश चौबे अपने हमराहियों के साथ बुधवार को कशिया पूर्व, शेरगढ़, चिकवन का पुरवा, मूरतगंज, आदि स्थानों पर दुर्गा मूर्ति पंडाल में स्थापित पूजा स्थल का निरीक्षण किया व मूर्ति पंडाल के सदस्यों बातचीत करते हुए कहा कि किसी प्रकार की समस्या न होने पाएं एवम शान्ति व्यवस्था बनी रही

## मूरतगंज क्षेत्र में शिक्षकों को वितरित किया गया टेबलेट




**भरवारी कौशांबी** शासन के निर्देश पर मूरतगंज क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बुधवार को टेबलेट वितरण किया गया है इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय गुप्ता भी पहुंचे जिन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया गया है पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि योगी सरकार ने शिक्षकों को टेबलेट दिया है जिससे शिक्षण कार्य में सरलता होगी उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य को बढ़ाने के प्रति योगी सरकार कृत संकल्पित है शिक्षक और छात्र हित की विभिन्न योजनाएं योगी सरकार संचालित कर रही है इस दौरान रविन्द्र कुमार मिश्रा नीतू सक्सेना सहित तमाम शिक्षकों को टैबलेट दिया गया है

## स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान एवं प्रमाण पत्र वितरित

### जन शिक्षण संस्थान कौशांबी मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र बनी खास चम्पहा में कार्यक्रम हुआ आयोजित



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 1 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलाए जा रहे कार्यक्रमों में 18 अक्टूबर को संस्थान मुख्यालय मंझनपुर में श्रमदान किया गया तथा प्रशिक्षण केंद्र बनी खास में स्वच्छता शपथ दिलाई गई संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा किया एवं प्रशिक्षण केंद्र बनी खास चम्पहा में स्वच्छता शपथ तथा ब्यूटी केयर असिस्टेंट कोर्स सीख चुकी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी संस्थान निदेशक द्वारा वितरित किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा अनुदेशिका किरन दिवाकर सुनीता नेहा ज्योति आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।



## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**कौशाम्बी** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जायेंगा तथा दिनांक 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर तक दावे/आपत्तियॉ प्राप्त की जायेंगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत दिनांक 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर विशेष अभियान की तिथियॉ है। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जायेंगा। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से पुनरीक्षण-2024 के दौरान समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने तथा मतदाता सूची में विद्यमान त्रृटियों को दूर कर मतदाता सूची तैयार किये जाने में सहभागिता एवं सहयोग की अपेक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि विधानसभावार बूथ लेविल एजेन्ट की नियुक्ति कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने प्रतिनिधियों की समस्याओं सुझावों को प्राप्त कर समस्याओं का निस्तारण भी किया इस अवसर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम एवं उप जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जौहरी के साथ हुई लूट पुलिस जांच में जुटी

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव के समीप दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे जौहरी से बाइक सवार युवक नगदी व जेवर लूट कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शहजादपुर निवासी अनिल सोनी टेढ़ीमोड़ में जेवरात की दुकान खोल रखी है। रोज की भांति वह करीब साढ़े सात बजे बाइक से घर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक शहजादपुर गांव के रावणा मैदान से पहले मीरापुर के समीप बड़े पुल के पास पहुंचा पीछे से अपाचे जैसे बाइक सवार तीन युवकों ने ओवरटेक करते हुए उसे रोक लिया और मारपीट करते हुए उसके पास में मौजूद बैग को लेकर फरार हो गए । घटना होने के बाद पीड़ित ने इसकी जानकारी शहजादपुर चौकी को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया लूट कितने की हुई अभी इसका खुलासा नहीं हो पाया है। बैग में नगदी और जेवरात कितने का था इसकी जानकारी नहीं हो पाई है पीड़ित को पुलिस साथ में लेकर जांच पड़ताल कर रही है लूट कितने की हुई है घर वाले यह नही बता पा रहे है पूरे दिन की बिक्री और उसका हिसाब दुकान के बचत का सोना चांदी का सामान लेकर वह बैग में जा रहा था घर जाने के बाद हिसाब करता इसलिए सही आंकड़े मौके पर वह नहीं बता पा रहा है उसके बावजूद अनुमान लगाया जा रहा है कि बैग में नगदी सहित लाखों के जेवर थे जिसे बाइक सवार लुटेरे लेकर फरार हुए है।

# गरीबों का पेट पर कहर बनकर चला नगर पंचायत का बुलडोजर

### तहसील चायल के नगर पंचायत चायल ईओ व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में चला नगर पंचायत का बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** रोड के किनारे गोमती लगाकर रोज कमाने खाने वालों व छप्पर बना कर अपने परिवार का पेट पालने के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर घर चलाते वालो के रोजगार पर बुधवार को नगर पंचायत चायल का बुलडोजर कहर बन कर चला है जिससे तमाम लोगों के सामने रोटी की दिक्कत आ गई है पति की मौत के बाद एक विधवा महिला छप्पर डालकर तीन बच्चो का पेट पालती थी छप्पर में दुकान लगाकर अपना कमाई करते थे लेकिन नगर पंचायत का बुलडोजर चलने से कमाई का साधन बंद हो गया इसी तरह और भी गरीब दुकान लगाकर अपना व अपने परिवार का पेट पालते थे चायल ईओ से जब बात पर की गई तो उन्होंने कहा 10 लोगों को पहले नोटिस दिया गया था वही मौजूद लोगों से जब इस बात पर




चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि नोटिस 10 ही लोगों को क्यों दी गयी क्योंकि रोड किनारे पटरी पर लगाकर सैकड़ो ऐसी दुकाने हैं जिस पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है तो फिर इन 10 लोगों को ही नोटिस क्यों दी गयी वहीं लोगों में इस बात की भी चर्चा रही कि गांव में ऐसी बहुत सी जीएस व तालाबी नंबर है उन पर नगर पंचायत का बुलडोजर कब चलेगा वही बुलडोजर चलने के दौरान लोगों से पुलिस प्रशासन व ईओ की इस दौरान नोक झोंक भी हुई।

## मिजार्पुर में तैनात कौशांबी के सिपाही की इलाज के दौरान मौत



**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के टिकरडीह गांव के राहुल पुत्र दूधनाथ इन दोनों मिजार्पुर जनपद के पीआरबी 1080 में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे 16 अक्टूबर को अचानक सिपाही राहुल की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर उन्हें उपचार के लिए पापुलर अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न होने पर आरक्षी राहुल को सरकारी अस्पताल विंध्याचल के लिए बिभाग के लोग लेकर गए जहां डॉक्टर द्वारा बीमारी की गंभीरता को देखते हुए सिपाही को उच्च मेडिकल संस्थान पीजीआई लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है इलाज के दौरान 17 अक्टूबर को रात्रि 9:00 बजे के लगभग सिपाही राहुल की मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया विभाग के लोगों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है बताया जाता है कि वर्ष 2018 में राहुल पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे उनका शव जैसे ही घर पहुंच परिवार में कोहराम मच गया है।

## जन्म लेते ही निर्दयी माँ ने झाड़ी में फेंका नवजात

**कौशाम्बी।** कहते हैं मां की ममता कम नहीं होती लेकिन इस युग में तो मां भी निर्दयी होती जा रही है लोक लाज के भय से जन्म लेते ही एक नवजात को माँ ने झाड़ी में फेंक दिया है चीन की तरह इस देश में भी कानून बनाए जाने की जरूरत है नगर पंचायत चरवा के भरवारी रोड़ के किनारे बुधवार को एक नवजात शिशु पड़ा मिला नवजात के मिलने के बाद इलाके में तरह तरह-तरह की चचाएं हो रही है मोह माया त्याग कर नवजात शिशु को कपड़े में लपेटकर फेंका गया है नवजात के पड़े होने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी है।

## खाद्य पदार्थों की दुकानों का खाद्य अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**कौशाम्बी** नवरात्रि दशहरा पर्व पर खाद्य पदार्थों की दुकानों का खाद्य अधिकारियों ने बुधवार को निरीक्षण किया अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन द्वारा सहायक आयुक्त खाद्य कौशाम्बी,शशि शेखर के नेतृत्व में 18 अक्टूबर को कौशाम्बी के सौराई करनपुर सिराथू चाकवन आदि बाजार में खाद्य पदार्थों की दुकानों का निरीक्षण एवम छापेमारी कर कार्यवाही की गई तथा साबूदाना बादाम मूंगफली का दाना सिंघाड़े का आटा का नमूना लिया इसके अतिरिक्त मंझनपुर, सौरई-करनपुर, मूरतगंज में खराब गुणवत्ता के लगभग 10 दर्जन केले, 10 किलोग्राम पपीते और सेब नष्ट कराए गए। खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत मिश्रा, नितिन कुमार, शहाब उद्दीन सिद्दीकी तथा सेनेटरी सुपरवाइजर अनिल शामिल रहे।

## नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना अंतर्गत फैजीपुर चौराहे के पास एक बाइक सवार को नीलगाय ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार घायल हो गया वंश का पुरवा गांव के रहने वाले सतीश मिश्रा बुधवार को मंझनपुर से दोपहिया वाहन से घर जा रहे थे। फैजीपुर चौराहे के नजदीक पहुंचते ही अचानक एक तेज रफ्तार नीलगाय ने सतीश मिश्रा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत वह रोड पर गिर गए। घटना देख आस -पास के लोग मौके पर पहुचे। फिर 108 एम्बुलेंस ने घायल सतीश को एम्बुलेंस में बैठाकर जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया।

## नियम विरुद्ध सचिव ने कर दी पुत्र की नियुक्ति बढ़ी मुसीबत

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के पिपरकुंडी स्थित सहकारी समिति के सचिव वासुदेव कुशवाहा ने नियम विरुद्ध तरीके से अपने पुत्र की नियुक्ति कर उसके नाम पर वेतन भी निकालना शुरू कर दिया मामले की शिकायत पूर्व सभापति भानु प्रताप मौर्य ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता से किया जिस पर दो निरीक्षकों की कमेटी बनाकर प्रकरण की जांच कराई गई जांच के दौरान सहकारी समिति के दोषी सचिव वासुदेव कुशवाहा बीमारी का बहाना बनाकर जांच के समय उपस्थित नहीं हुए लेकिन अभिलेख से जांच के दौरान निरीक्षकों ने पाया कि पूर्व सभापति की शिकायत सही है और उन्होंने शिकायत की पुष्टि कर दी डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक प्रयागराज की शाखा भरवारी से चेक के माध्यम से वेतन के भुगतान किए जाने की भी जांच में पुष्टि हुई जिस पर मामले को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक ने गंभीरता से लिया और सचिव वासुदेव कुशवाहा द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर नियुक्ति किए जाने पर तत्काल प्रभाव से सचिव पद से हटा दिया है वासुदेव कुशवाहा प्रभारी सचिव के कार्यकाल की विधिवत जांच हेतु मनीष कुमार अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील प्रभारी चायल की अध्यक्षता में सदस्य अरविंद कुमार सिंह सहकारी निरीक्षक और सदस्य अनुपम कुमार सहकारी निरीक्षक की तीन सदस्य कमेटी गठित की गई है कमेटी को निर्देशित किया गया है की जांच आख्या एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराए।

# कड़ा धाम में मां के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

### भक्तों ने नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्माण्डा से लिया- अजेय, दीघार्यु,उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद, जिले के अन्य मंदिरों में भी नवरात्रि के पर्व पर भक्तों ने मां की पूजा अर्चन कर आशीर्वाद लिया

**अखंड भारत संदेश**

**कड़ा कौशाम्बी।** नवरात्रि के चौथे दिन कड़ा धाम में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी तैनात की गयी थी भारी भीड़ के चलते दर्शन पाने को महिला पुरुष भक्त व्याकुल रहे पूरा मंदिर मां के जयकारे से गूंज रहा था जिले के अन्य मंदिरों में भी नवरात्रि के पर्व पर भक्तों ने मां की पूजा अर्चन कर आशीर्वाद लिया है नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा के स्वरूप के दर्शन को भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त धाम पहुंचे पुराणो के अनुसार मां दुर्गा का चौथा भव्य स्वरूप मां कुष्मांडा का माना जाता है किदवंती के अनुसार जब चारों ओर अंधेरा छाया हुआ था तो मां कुष्मांडा ने अपनी मधुर मुस्कान के द्वारा ही संसार की उत्पत्ति की थी इसलिए इनको आदि स्वरूपा और



आदि शक्ति देवी भी माना जाता है पर इनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्तों को इनका पूजन बड़े ही विधि विधान से करना परम आवश्यक माना जाता है। मान्यता है की मां कुष्मांडा की पूजा करने से भक्तों को अजय रहने का आशीर्वाद मिलता है मां कुष्मांडा कि आठ भुजाएं हैं और उनके हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प,कलश चक्र और गदा विराजमान है तथा आठवीं हाथ में सभी सिद्धियां और निधियों को देने वाली माला है मान्यताओं के अनुसार देवी के हाथों में जो अमृत कलश है वह उनके भक्तों को दीघार्यु उत्तम स्वास्थ्य का वरदान प्रदान करता है मां सिंह की सवारी करती है जो धर्म का प्रतीक माना गया है। मां कूष्मांडा की पूजा में कुमकुम मौली, अक्षत, पान के पत्ते, केसर श्रंगार आदि श्रद्धा पूर्वक चढ़ाना चाहिए साथ में सफेद कुम्हड़ा भी अर्पित करना चाहिए। भोग मां कुष्मांडा को हलवा, मालपुए, मीठा दही इस प्रसाद को स्वयं गृहण और साथ में ब्राह्मणों को भी खिलाया जाना चाहिए जिससे मां अत्यंत प्रसन्न होती हैं वही मां कुष्मांडा को लाल रंग अत्यंत प्रिय है इसलिए पूजा में उनका लाल रंग के फूल जैसे गुड़हल, लाल गुलाब आदि अर्पित किया जाता है इससे देवी प्रसन्न होती हैं और भक्तों का अपना आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

# कई विभागों की योजनाओं में लापरवाही पाए जाने पर अधिकारियों पर डीएम ने प्रकट की नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सी0एम0 डैश बोर्ड की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सी0एम0 डैश बोर्ड पर प्रदर्शित अपने-अपने विभागीय योजनाओ में प्रगति/फीडिंग में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पोर्टल पर लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारित कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सी0एम0 डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विभागवार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के दौरान योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने लापरवाही बरतने पर उपायुक्त उद्योग को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन लम्बित पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कृत्रिम गभार्धान में अपेक्षित प्रगति लाने तथा शेष रह गये पशुओं का टीकाकरण शीघ्र कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय कर सहभागिता योजना के तहत गोवंशों की सुपुर्दगी में प्रगति लाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत को दैनिक विद्युत आपूर्ति इंडीकेटर तथा परियोजना निदेशक को प्रधानमंत्री आवास/मुख्यमंत्री आवास योजना में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को भी स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि व्यक्तिगत शौचालय की सुविधा से वंचित रह गये लोगो को सर्वे कराकर व्यकितगत शौचालय से लाभान्वित किया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता, जल निगम को हर-घर नल से जल के कार्यों में तेजी से प्रगति लाने एवं फीडिंग कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी को लम्बित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय, शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## समसपुर ग्राम का पौराणिक एवं एतिहासिक दो दिवसीय इनामी दंगल

**कौशांबी।** समसपुर का ऐतिहासिक एवं पौराणिक इनामी दंगल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समसपुर ग्राम में आयोजित किया जाएगा आपको बताते चलें कि विगतवर्षों से लगने वाला इनामी दंगल इस वर्ष भी अपने निर्धारित तिथि 19/10/2023 एवं 20/10/2023 को दिन बृहस्पतिवार से प्रारंभ होकर दूसरे दिन शुक्रवार तक रहेगा उक्त जानकारी ग्राम प्रधान आशीष कुमार द्वारा दी गई और क्षेत्रीय पहलवानों से लेकर बाहरी पहलवानों को दंगल के इनामी कुश्ती में शामिल होने के लिए अपील किया गया है। वैसे तो समसपुर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक दंगल में बाहरी एवं क्षेत्रीय पहलवानों का जमघट देखने को मिलता रहा है। यहां के दंगल के कुश्ती में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय तथा बाहरी पहलवानों के साथ-साथ महिला पहलवान की भी भागीदारी रहा करती है।

## संपादक की कलम से

# राहुल गांधी की मिजोरम यात्रा

**अगले** माह जिन 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है, उनमें एक उत्तर-पूर्वी प्रदेश मिजोरम भी है। यहां 7 नवम्बर को यानी पहले ही चरण में मतदान होगा। 40 सीटों वाली यहां की विधानसभा में फिलहाल मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। इसका चुनावी मुकाबला अब तक तो मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट के साथ माना जाता था लेकिन अब इन दोनों के मुकाबले कांग्रेस भारी दिखाई देने लगी है। अब तक कांग्रेस को तीसरे नंबर पर समझा जा रहा था लेकिन राहुल गांधी की मंगलवार को खत्म हुई दो दिवसीय मिजोरम यात्रा ने जो संकेत दिये हैं उससे अनुमान लगाये जाने लगे हैं कि 3 दिसम्बर को निकलने वाले चुनावी परिणाम सबको चौंका सकते हैं। वैसे राहुल की यह यात्रा राजनैतिक सन्दर्भों से कहीं बढ़कर है। चुनावी जीत-हार से भी परे और बहुत आगे। मुख्यमंत्री जोरामथंगा के बारे में कहा जा रहा था कि 1998 और 2003 की तरह वे फिर से सतत दो बार यह पद धारण करने वाले सीएम बन सकते हैं। इसका कारण यह था कि पिछले चुनाव में कांग्रेस को, जो उस समय सत्तारुढ़ थी, केवल 7 की संख्या में सिमटकर रह गई थी। कहने को भाजपा ने एमएनएफ के साथ चुनाव पूर्व गठबन्धन किया था पर जब पिछले वक्त एमएनएफ को पूर्ण बहुमत मिल गया तो जोरामथंगा ने साफ कर दिया कि उन्हें भाजपा की जरूरत नहीं है। फिर भी भाजपा अपने को गठबन्धन का हिस्सा बतलाती रही। उसके हिस्से में एक ही सीट आई थी। अब की एमएनएफ ने हमार पीपुल्स कन्वेंशन (रिफॉर्मेशन) से गठबन्धन कर लिया है। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 6 विधायक हैं। राहुल की यात्रा के पूर्व तक मिजोरम पर खास चर्चा नहीं होती थी। ज्यादातर राजनैतिक विश्लेषकों का समय पहले राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ पर खर्च होता था। बाद में तेलंगाना पर भी होने लग गया था। मिजोरम चर्चा से बाहर ही था पर यहां राहुल ने जैसा मौसम बदला है, मिजोरम भी सियासी विमर्श का हिस्सा बन गया है।

वैसे मिजोरम में राहुल के पदार्पण का महत्व राजनैतिक चर्चा व समीकरण, चुनाव आदि से बढ़कर है। उत्तर-पूर्व में ही स्थित एक अन्य राज्य मणिपुर में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम का असर अन्य छह राज्यों पर भी होता दिख रहा है। इनमें मिजोरम भी शामिल है। वैसे तो ज्यादातर उत्तर-पूर्वी राज्यों का मानस केन्द्र में आरुढ़ पार्टी के साथ जाने का होता है ताकि उनके विकास में बाधा न हो। भाजपा की इस हिस्से के कई राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली या गठबन्धन की सरकारें है। मणिपुर की घटना के बाद यहां के राज्यों को समझ में आ गया है कि भाजपा का लक्ष्य यहां का विकास करना नहीं वरन अपनी विचारधारा को फैलाना है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह पूरा इलाका भाजपा के लिये आर्थिक दोहन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। कई राज्यों में ईसाइयों की बहुलता भी उसकी आंखों में खटकती है। मणिपुर में मैतेई हिंदू आदिवासियों और ईसाई कुकी समुदाय के बीच पिछले कई माह से जारी संघर्षों ने जिस तरह से मणिपुर को जलाकर रख दिया है, उसने भी सभी राज्यों की आंखें खोलकर रख दी हैं। असम भी भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला बनी हुई है, वह भी ये सारे राज्य देख रहे हैं। यहां के लोगों को अब यह समझ में आने लगा है कि भाजपा-संघ द्वारा इन राज्यों में सायास अशांति का वातावरण बनाया जा रहा है। नफरत का जो जहर फैलाने की कोशिश भाजपा व केन्द्र सरकार कर रही है, उसके विरूद्ध राहुल द्वारा शांति व प्रेम का पैगाम मिजोरम के नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। आइजोल में सोमवार को तथा लुंगलेई में मंगलवार को हुई आम सभाओं में एवं एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बतलाया कि विकास के लिए शांति आवश्यक है और यहां के युवाओं को समझना होगा कि उनके लिए विकास कितना जरूरी है।

# समलैंगिक विवाह कानूनी मान्यता देने से इनकार सही है

**अशोक भाटिया**

**सुप्रीम** कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करते हुए इसे संसद के जिम्मे कर दिया है। हालांकि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने ये जरूर कहा कि अपने साथी को चुनने का अधिकार सबको मिलना चाहिए। इसलिए सरकार समलैंगिक संबंधों को कानूनी दर्जा दे। इस फैसले के दौरान चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट को सिर्फ इसलिए असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि वह समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं देता है। लेकिन समलैंगिकों को पार्टनर चुनने का पूरा हक और अधिकार है।सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने इसी साल मई महीने में इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इन पांच जजों की पीठ में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली शामिल हैं। समलैंगिक विवाह यानी सेम सेक्स मैरिज मामले की सुनवाई 18 अप्रैल से शुरू हुई थी और सुनवाई के पहले दिन ही कोर्ट ने ये साफ कर दिया था कि वे इसे पर्सनल लॉ के क्षेत्र में जाए बिना देखेंगे कि क्या साल 1954 के विशेष विवाह कानून के जरिए समलैंगिकों को शादी के अधिकार दिए जा सकते हैं।



गौरतलब है कि भारत में भले ही समलैंगिक विवाह को लेकर बहस छिड़ी हो लेकिन अमेरिका सहित दुनिया के 32 देशों में इस तरह की शादी लीगल है।इन देशों में पहला नाम है नीदरलैंड का जहां 2000 में ही सेम सेक्स मैरिज पर कानून लाया गया था। इसके बाद साल 2003 बेल्जियम में, साल 2005 में कनाडा, इसी साल स्पेन, साल 2006 में साउथ अफ्रीका, 2008 में नार्वे, स्वीडन में 2009, अर्जेंटीना में 2010, पुर्तगाल में 2010, आइसलैंड में 2010, डेनमार्क में साल 2012, उरुग्वे में साल 2013, ब्राजील में 2012, न्यूजीलैंड में साल 2013, इंग्लैंड और वेल्स में 2013, फ्रांस में 2013, लक्जमबर्ग में 2014, स्कॉटलैंड में 2014, अमेरिका में 2015, आयरलैंड में 2015, फिनलैंड-2015, ग्रीनलैंड-2015, कोलंबिया-2016, माल्टा-2017, ऑस्ट्रेलिया-2017, जर्मनी-2017, ऑस्ट्रिया-2019 ताइवान-2019, इक्वाडोर-2019, नार्दन आयरलैंड-2019, कोस्टा रिका में साल 2020 में कानून लाया गया था। भारत में इस बहस कि शुरूआत साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से हटाने का फैसला से हुई थी । इस फैसले के बाद लोगों ने समलैंगिक विवाह को कानूनी आधार देने की मांग उठानी शुरू कर दी। इस मांग को लेकर देश के अलग-अलग कोर्ट में लगभग 20 याचिकाएं दायर की गईं थी लेकिन हैदराबाद के रहने वाले गे कपल सुप्रिया चक्रवर्ती और अभय डांग की याचिका प्रमुख याचिकाओं में शामिल है।सुप्रिया चक्रवर्ती और अभय डांग दोनों ही पिछले 10 सालों से प्रेम-संबंध में हैं और इस रिश्ते को शादी के बंधन में तब्दील करने के लिए गे मैरिज को कानूनी मान्यता दिलाना चाहते हैं। इसी कपल ने साल साल 2022 में अपनी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और याचिका दर्ज करते हुए मांग की कि देश के छत्रङ्घळदक्अ+ नागरिकों को भी अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार मिलना चाहिए। दायर याचिका में स्पेशल मैरिज एक्ट और हिंदू मैरिज एक्ट के प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है। जिस पर केंद्र सरकार ने कहा कि यह मामला संसद के पाले में रहना चाहिए। जबकि याचिकाकर्ता का कहना था कि यह मामला मौलिक अधिकार से जुड़ा हुआ है और ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को मौलिक अधिकार को बचाना चाहिए। सुप्रिया चक्रवर्ती और अभय डांग के याचिका दायर करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को लेकर देश के अलग-अलग कोर्ट से जुड़ी याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए स्थानांतरित कर लिया और केंद्र सरकार से 15 फरवरी 2023 इन सभी दायर याचिकाओं पर संयुक्त जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि 13 मार्च तक इन सभी याचिकाओं को सूचीबद्ध कर दिया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इसे 'मौलिक मुद्दा' बताते हुए इसे पांच जजों की संविधान पीठ को भेजने की सिफारिश की। जिसके बाद यह मामले मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की संविधान पीठ के पास पहुंचा और इसी पीठ ने सुनवाई करते हुए अब ये ऐतिहासिक फैसला ले लिया है। समलैंगिकों के अधिकारों के लिए काम करने वाली एक संस्था की सह संस्थापक मीनाक्षी कहती हैं, ' एक LGBTQIA+ समुदाय के लोगों को अपनी जिंदगी में कई तरह के कड़वे अनुभवों से गुजरना पड़ता है। इसकी शुरूआत उनके अपने घर से ही हो जाती है। उन्हें घर के अंदर ही अपनी पहचान को लेकर हिंसा और दुर्व्यवहार झेलना पड़ता है। 'सेफो फार इक्ववेलिटी' समलैंगिकों के अधिकारों के लिए काम करने वाली एक संस्था की सह संस्थापक मीनाक्षी सान्याल की एक रिपोर्ट में बताया कि भारत में अगर विवाह के अधिकार हैं, तो ये सबके लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं पिछले 20 सालों से एक्टिविस्ट रही हूं और हमने बहुत कुछ अनुभव किया है। अब चाहे किसी का जेंडर और सेक्शुअल ओरिएंटेशन कुछ भी हो, हमें ये अधिकार मिलना चाहिए।''मीनाक्षी आगे कहती हैं, ' एक LGBTQIA+ समुदाय के लोगों को अपनी जिंदगी में कई तरह के कड़वे अनुभवों से गुजरना पड़ता है। इसकी शुरूआत उनके अपने घर से ही हो जाती है। उन्हें घर के अंदर ही अपनी पहचान को लेकर हिंसा और दुर्व्यवहार झेलना पड़ता है। ऐसे में अगर इस समुदाय के लोग विवाह करना चाहते हैं तो उन्हें ये हक मिलना ही चाहिए।'

अदालत ने स्पेशल मैरिज एक्ट को खत्म करने पर कहा कि अगर स्पेशल मैरिज एक्ट को खत्म कर दिया जाता है तो यह देश को आजादी से पहले के युग में ले जाएगा। अगर कोर्ट दूसरा दृष्टिकोण अपनाते हुए स्पेशल मैरिज एक्ट में शब्द जोड़ती है तो यह संभवतः विधायिका की भूमिका होगी।सीजेआई ने कहा कि शादी के अधिकार में संशोधन का अधिकार विधायिका के पास है लेकिन एलजीबीटीक्यू प्लस लोगों के पास पार्टनर चुनने और साथ रहने का अधिकार है और सरकार को उन्हें दिए जाने वाले अधिकारों की पहचान करनी ही चाहिए, ताकि ये कपल एक साथ बिना परेशानी के रह सकें। बताया जाता है कि उर्मिला श्रीवास्तव और लीला नामदेव मध्य प्रदेश पुलिस फोर्स की दो महिला पुलिसकर्मी थीं, जिन्होंने साल 1987 में एक-दूसरे से शादी की थी। उनकी शादी भारत में पहला डॉक्यूमेंटेड समलैंगिक विवाह था। दोनों महिलाओं ने गंधर्व अनुष्ठान का पालन करते हुए एक छोटे से समारोह में कुछ करीबी दोस्तों और परिवार की उपस्थिति में एक-दूसरे से शादी की थी।24 फरवरी, 1988 को देश के सभी अखबारों में उनकी शादी की तस्वीरें "लेस्बियन पुलिस" शीर्षक से पहले पन्ने पर छपी थी। इन महिलाओं के एक साथी कैडेट ने उनकी शादी की तस्वीरें अपने सुपरवाईजिंग ऑफिसर को दिखाई और उस ऑफिसर ने इस शादी के खिलाफ कार्रवाई करने की ठानी। उन्होंने इन दोनों को नौकरी से निकाल दिया। जिसके कारण उर्मिला और लीला को भूखे रहने तक की नौबत का सामना करना पड़ा।इस घटना ने ही भारत में LGBTQIA+ आंदोलन को जोड़ दिया। हालांकि, उस वक्त कई लोगों का मानना था कि "पश्चिमीकरण" होने के कारण दोनों "समलैंगिक" बन गई थीं। जिसके बाद यह जोड़ा कोर्ट तो पहुंचा लेकिन लेजबियन होने का मुद्दा छोड़कर उन्होंने खुद को बर्खास्त किए जाने का मामला उठाया। उन्हें डर था कि भविष्य में उनकी आय पर खतरा मंडरा सकता है।

हाल फिलहाल भारत के सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने पर अपना फैसला सुना दिया है। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का अधिकार संसद और विधानसभाओं का: संसद और विधानसभाओं का काम है। अब समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का काम विधानसभाओं और संसद कर सकता है यदि उसके सदस्य बहुमत के रूप में सहमत हो । वैसे सीजेआई ने कहा, संसद या राज्य विधानसभाओं को विवाह की नई संस्था बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। स्पेशल मैरिज एक्ट (रटअ) को सिर्फ इसलिए असंवैधानिक नहीं ठहरा सकते क्योंकि यह समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं देता है। क्या रटअ में बदलाव की जरूरत है, यह संसद को पता लगाना है और अदालत को विधायी क्षेत्र में प्रवेश करने में सावधानी बरतनी चाहिए।

# राजस्थान में भी चल रही है बदलाव की बयार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में पिछले तीस वर्षों से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भाजपा हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टिया जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं। राजस्थान में पिछले 30 वर्षों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस पार्टी में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे। जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, कुंवर नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था। बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रतिद्वंदी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाईन हो चुके हैं।

गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक कैरियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। जिसके लिए मल्लिकार्जुन ख?गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए थे। मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्षों में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी डिजाइन बॉक्स को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की डिजाइन बॉक्स के फाउंडर नरेश अरोड़ा से तकरार हो चुकी है। डिजाइन बॉक्स की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था। कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बार कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य भी नहीं बनाया है। जबकि उनके प्रतिद्वंदी सचिन पायलट व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लिया गया है। आदिवासी नेता महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लाकर राहुल गांधी प्रादेशिक नेतृत्व में बदलाव के संकेत दे रहें हैं। गहलोत के स्थान पर राजस्थान में सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत मालवीय, सीपी जोशी जैसे नेताओं को बड़ी भूमिका मिल सकती है। राजस्थान में भाजपा भी पूरे बदलाव के दौर से ही गुजर रही है। 2002 से लेकर अब तक पार्टी की एक छत्र नेता रही वसुंधरा राजे के स्थान पर पार्टी में कई नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा में नया नेतृत्व लाने के लिए ही पार्टी ने इस बार किसी भी नेता के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। भाजपा सामूहिक नेतृत्व व कमल के निशान पर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। अभी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन मेघवाल, सांसद दीया कुमारी, किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़ अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार हैं। प्रदेश में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इनमें से ही कोई मुख्यमंत्री बन सकता है। जिस तरह से वसुंधरा राजे समर्थक नेताओं के टिकट काटे जा रहे हैं उससे लगता है कि आने वाला समय वसुंधरा राजे के लिए अच्छा नहीं रहने वाला है।

# राजस्थान में टिकटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस में घमासान

**बाल मुकुन्द ओझा**

**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही टिकटों को लेकर कांग्रेस और बीजेपी में घमासान मचा है। दोनों ही पार्टियां टिकटों को लेकर लगातार मंथन कर रही है। बगावत की आशंका को भांपकर अपनी रणनीति को अंतिम देने के प्रयास में जुटी है। कई दिग्गजों के टिकट कटने की आशंका जताई जा रही है। भाजपा स्वयं को विचार और सिद्धांत वाली पार्टी कहती है, मगर उसके अनुशासित कहे जाने वाले नेताओं के आचरण से ऐसा कहीं नहीं लगता। यहाँ तक की संघ से दीक्षित लोग भी अनुशासन की धज्जियाँ उड़ाने में लगे है। अभी भाजपा ने 200 में से 41 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। जिसे लेकर ऊपर से नीचे तक कोहराम मच गया है। इससे भाजपा आलाकमान सकते में है और भीतरघात की आशंका से एक बारगी घबरा गए है। देश के पूर्व उप राष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपतसिंह राजवी टिकट नहीं मिलने पर आपे से बाहर हो गए। पूर्व मंत्री राजवी की बगावत देखते ही पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह उनके घर पहुंचे और पार्टी अनुशासन की दुहाई देकर उनका बयान बदल वाया। जिन सांसदों को टिकट दिया गया है उनके क्षेत्रों में भी बगावत के झंडे लहराने लगे। विशेषकर राज्यवर्धन सिंह और देवजी पटेल के क्षेत्रों में उनके विरोध में कार्यकर्त्ता सड़कों पर आकर नारेबजी करने लगे। लगभग एक दर्जन क्षेत्रों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों का बढ़चढ़ कर विरोध हो रहा है। पार्टी नेताओं को विश्वास है यह विरोध स्वाभाविक है और जल्द ही थम जायेगा। अभी तो भाजपा ने सिर्फ 20 प्रतिशत सीटों की घोषणा की है। जब सारी सीटों पर घोषणा हो जाएगी तब जाकर असल स्थिति सामने आएगी। इसी बीच भाजपा ने कई लोगों को पार्टी में शामिल कर अपनी स्थिति सुदृढ़ होने का दावा किया है। मारवाड़ के कद्दावर नेता रहे स्व. नाथूराम मिर्धा की पोती ज्योति मिर्धा के बाद विश्वजीत जीत सिंह मेवाड़ और भवानी सिंह कालवी भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। नेताओं के पार्टी में शामिल होने के बाद राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा जिनकी आज पार्टी में सदस्यता हुई है वह वीर महाराणा प्रताप के वंशज विश्व राज सिंह हैं और दूसरे भवानी सिंह कालवी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.कल्याण सिंह कालवी के पोते है जिनके पिता लोकेन्द्र सिंह करनी सेना के अध्यक्ष रहे हैं।

कांग्रेस भी मारामारी की बीमारी से अछूती नहीं है। पार्टी ने अभी कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है मगर नेताओं और कार्यकताओं ने एक दूसरे की खिलाफत में मोचार्बंदी शुरू कर दी है। आरोप प्रत्यारोप में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पीछे नहीं है। उन्होंने एक बार फिर सचिन पायलेट खेमे पर जमकर हमला बोला और कह कुछ विधायकों ने 10 से 20 रुपए सरकार गिराने के लिए लिए। कांग्रेस के कार्यकर्त्ता दिल्ली जाके विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इनमें कई वर्तमान मंत्रियों और विधायकों को टिकट नहीं देने की मांग कर रहे है।

# अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत है

**ललित गर्ग**

**समलैंगिक** विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आदर्शों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आदर्शों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है। कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है। विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणाएं रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं। अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के बीच विवाह पर आधारित हैं। पुरातन और आधुनिक सोच में फंसे इस जटिल विषय पर कानूनी मान्यता को लेकर निर्णय लेने की जिम्मेदारी अब देश की विधायिका के कंधों पर है। उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जाएगा।

भारत विविधता में एकता वाला देश है, लगभग सभी धर्म एवं सम्प्रदायों में समलैंगिक विवाहों को लेकर विरोध ही है। हाल ही में सिख समुदाय में ऐसे स्पष्ट स्वर सुनने को मिले हैं। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है।

अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से एक दिन पहले अमृतसर में ह्यपंज सिंह साहिबानह्न (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी। भले ही समलैंगिक यौन सम्बन्ध बनाने को सर्वोच्च न्यायालय 2018 में ही गैर आपराधिक कृत्य करार दे चुका है। इसी से प्रेरित होकर समलैंगिक समर्थक कई संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय में उनके विवाह को भी वैध करार देने की याचिका दायर की थी जिसका विरोध केन्द्र सरकार ने किया था। भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता। भले ही भारत में ही प्राचीन काल में भी ऐसे उदाहरण मिले हो या धार्मिक ग्रन्थों में कई ऐसे उदाहरणों का उल्लेख हो, जो समलैंगिक सम्बन्धों की तरफ इशारा करते हैं परन्तु भारतीय समाज ने हमेशा ही ऐसे सम्बन्धों को प्रकृति के विरुद्ध यौन सम्बन्ध माना है और सामाजिक विकार की श्रेणी में रखा है।

स्त्री और पुरुष का यौन सम्बन्ध ही प्रकृति को गतिशील रखते हैं। घर और कुटुम्ब का मतलब ही स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों से उत्पन्न फल का ही विस्तृत स्वरूप होता है। स्त्री-पुरुष सम्बन्ध ही प्यार या मोहब्बत की महायात्रा है और इन दोनों के यौन संबंधों से उत्पन्न संतान ही परिवार एवं वंश को आगे बढ़ाने का आधार है।

## पुलिस ने महुआ शराब बरामद कर नष्ट किया लहन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने छोटवा पुत्र स्व सुकरू निवासी खोपा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब, 45 किलो लहन व शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया है। बरामद लहन को नष्ट कर उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, दीवान अरविन्द सोनी, सिपाही नरेन्द्र कुशवाहा व महिला सिपाही रचना राजपूत शामिल रही।

## दम्पति में पुलिस ने कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में एक दम्पति के पारिवारिक विवाद समाप्त करा सुलह से परिवार को टूटने से बचाया।

बुधवार को पहाडी थाने के चैरा गांव की श्रीमती शालिनी पुत्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह हाल मुकाम खम्हरिया जिला नागौद मप्र ने पति आशीष सिंह पुत्र जुगेन्द्र सिंह व सास-ससुर के प्रताडित कर दहेज की मांग करने बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक वीर प्रताप सिंह ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक वीर प्रताप सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रही।

## नवरात्रि-दशहरा में जगह-जगह हो रही छापेमारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर आमजनता को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ सुलभ कराने को मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने 14 से 23 अक्टूबर तक विशेष अभियान जारी है।

बुधवार को सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह, सुमित पाण्डेय अभियान चला रहे हैं। अभियान दल ने जिले खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापेमारी कर रहे हैं। जांच को नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान दल ने अब तक कुल 15 नमूने लिए हैं। जांच को प्रयोगशाला भेजा गया है। नतीजे मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## तहसीलदार ने वसूले ढाई लाख

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में राजस्व वसूली टीम ने सीतापुर, भरतकूप व रौलीकल्याणपुर में खनिज देय, विद्युत देय, स्टाम्प देय की वसूली का अभियान चलाया।

बुधवार को तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने खनिज देय के बड़े बकायेदार रामबाबू गर्ग, सूरसेन सिंह, सुग्रीव सिंह, दिनेश कुमार दुबे व स्टाम्प कमी के बकायेदार द्वारिका प्रसाद के विरूद्ध वसूली अभियान चलाया। अभियान दौरान राजस्व टीम ने 2,40,000 रुपये वसूले। राजस्व टीम में संग्रह अमीन राकेश कुमार, संग्रह अमीन रहमान खां, संग्रह अमीन आशिफ खा, संग्रह सेवक अब्दुल सगीर, संग्रह सेवक कुलदीप सिंह मौजूद रहे। तहसीलदार ने बताया कि बड़े बकायेदारों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। तीन दिन के अंदर बकाया जमा न करने पर कुर्की व राजस्व हवालात में बंद करने की कार्यवाही की जाएगी।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में आबकारी अधिनियम के वारंटी नंदू कोल पुत्र रामलाल कोल निवासी अमचूर नेरुवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा द्रगपाल सिंह, सिपाही शिवलाल शामिल रहे।

## पुलिस ने तमंचा समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने अंकित मिश्रा पुत्र ज्ञानप्रकाश मिश्रा निवासी भदेहदू को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा व सिपाही अमित सिंह शामिल रहे।

## डायल 112 की टीम आज से करेगी जागरूक,112 का हुआ एकीकरण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के एडीजी-112 अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर सात दिवसीय जागरूकता चित्रकूट-बांदा में गुरूवार से शुरू होगी। यूपी-112 मुख्यालय से अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोहिनी पाठक की अगुवाई में दो टीमें पुलिस के सहयोग से बांदा-चित्रकूट में नुक्कड़ नाटक व एलईडी वैन से ग्रामीण क्षेत्रों में 112 की सेवाओं की बाबत लोगों को जानकारी देंगी।

बुधवार को पुलिस कार्यालय से बताया गया कि सूबे में महिला सुरक्षा के मद्देनजर वुमेन पॉवर लाइन 1090 व महिला हेल्पलाइन 181 का यूपी 112 से इंटीग्रेशन किया है। नंबर एक, सेवाएं अनेक की तर्ज पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिला पुलिस के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होगा। आपात स्थिति मे 112 से सम्पर्क करने के व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, वेबसाइट, फोन व एसएमएस के बारे में जानकारी दी जाएगी। विभिन्न आपात सेवाओं का यूपी 112 से एकीकरण हुआ है। नागरिकों को आग लगने पर अग्निशमन वाहन, दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस और प्राकृतिक आपदा के समय एसडीआरएफ की सेवायें लेने बाबत जानकारी दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर चलती ट्रेन मे भी आपात सहायता 112 से ली जा सकती है।

महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर यूपी-112 ने विशेष तौर पर विभिन्न योजनायें चलाई हैं। घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं को प्रबल प्रतिक्रिया दी जाती है। स्कोर्ट फॉर वुमेन सेफ्टी सेवा के तहत रात्रि दस बजे से सवेरे छह बजे तक अकेली महिला, जिसे कोई साधन न मिल रहा हो, वह गंतव्य तक जाने को 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता ले सकती है। सवेरा योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। बुजुर्ग यूपी-112 पर कॉल कर पंजीकरण करवा सकते है, ताकि आपात स्थिति में पुलिस सहायता मिल सके।

# योगी सरकार के निर्देश फेल, हाथ पर हाथ धरे बैठा है प्रशासन

## लोग परेशान, नहीं हो रही कार्यवाही



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कडे निर्देश दिये हैं कि उप्र में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों पर सख्त एक्शन लिया जायेगा। जिले में योगी सरकार के निदेर्शों का कोई असर नहीं दिख रहा। आलम ये है कि प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। आम जनता परेशान टहल रही है।

बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्यायें बताई। पहला मामला मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव पंचायत का है। बताया गया कि मानिकपुर-सतना मुख्य मार्ग किनारे पुष्करणी तालाब से मात्र तीन सौ मीटर दूर सडक किनारे ग्राम समाज की भूमि पर एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति अवैध कब्जा कर घर बनाये है। इसके खिलाफ मारकुण्डी थाने समेत अन्य थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। दबंगई से इसने गांव समाज की भूमि पर घर बना लिया है। इसके अवैध कब्जे के घर पर कार्यवाही का साहस कोई नहीं दिखा रहा।

इसी क्रम में मानिकपुर तहसील के ही अमचुर नेरुआ गांव में सडक किनारे प्रधान पति मनोज द्विवेदी अवैध कब्जा किये है। इसके अवैध कब्जे के मामले एसडीएम कोर्ट में लम्बित हैं, ये आखिर कब तक लम्बित रहेगा। तहसील प्रशासन की इस पर खास मेहरबानी है। क्षेत्रीय लेखपाल की प्रधानपति से आये दिन शाम को बैठकें होती हैं, इसीलिए इसे अभय दान मिला है। इसी क्रम में मानिकपुर तहसील के इटवा डुडैला में लेखपाल के ही सहयोगी सूरजदीन भी गांवसभा की पांच बीघा जमीन पर अवैध ढंग से काबिज है। इन अवैध कब्जों को हटाने की पहल प्रशासन नहीं कर रहा। प्रशासन की गतिविधियों से प्रतीत होता है कि वह हाथ पर हाथ धरे बैठे किसी आकस्मिक घटना का इंतजार कर रहा है।

इसी क्रम में मऊ तहसील के हटवा गांव की दिव्यांग इन्द्राणी पत्नी सुकरु ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। उससे प्रधान धीरेन्द्र कुमार ने सभी कागज लेने के बाद भी आवास नहीं दिया। इस बाबत वह कई बार उच्चाधिकारियों की चैखट में गुहार लगा चुकी है, जबकि गांव में नौ लोगों को मुख्यमंत्री आवास मिल चुके हैं। ये ऐसे लोग हैं, जिनके पास कच्चे-पक्के कई घर हैं। कृषि योग्य जमीनें भी हैं। प्रधान व सचिव ने दस से बीस हजार रुपये लेकर अपात्रों को कालोनी दी है। उसके पास झोपडी के सिवाय कुछ नहीं है। दस बिस्वा जमीन थी, प्रधान ने छीनकर शमशान बना दिया है। पहाडी ब्लाक के रायपुर बांगर गांव के तिवारीपुरवा के रामप्रकाश तिवारी पुत्र छेदीलाल तिवारी ने कहा कि प्रधान रमेशचन्द्र तिवारी व ग्राम पंचायत मित्र रामसलोने तिवारी के भाई शिवसलोने तिवारी तहसीलदार मऊ के यहां पेशकार हैं। तीनों की मिलीभगत से विकास कार्यों को आये धन का बंदरबांट हो रहा है। कागजों में विकास कर फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराते हैं। पेशकार शिवसलोने तिवारी की बदौलत तीनों ने ग्राम पंचायत में पचास लाख से ऊपर के फर्जी बिल लगाकर भुगतान करा लिए हैं। तहसीलदार मानिकपुर के पेशकार रहते हुए 25 करोड से ज्यादा की सम्पत्ति शिवसलोने ने बनाई है। ऐसे लोगों की जांचकर कार्यवाही की जाये। इसी क्रम में तहसील कर्वी के कोरारी गांव के भास्कर शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में खनिज पट्टेधारक हैवी होल ड्रिल मशीन से बिना अनुमति प्रमाण पत्र के कर रहे हैं। अवैध ब्लास्टिंग व खनन से तीन माह पहले बोर नष्ट हो गया है। उसकी भूमि बंजर हो गई है। पीडित ने कई बार प्रशासन को पत्र सौंपे हैं, कोई कार्यवाही नहीं हुई। ये तो वही मसल- आंधर राजा बहिर पतुरिया, नाचे जा-नाचे जा-नाचे जा वाली हुई।

# बूथ मजबूती से ही जीतेंगे चुनाव: प्रकाश पाल

## वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला सम्पन्न




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वोटर चेतना महाअभियान की जिला कायार्शाला जिला पंचायत सभागार में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के मुख्य आतिथ्य व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई। सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, गंगाधर मिश्र, नगर पंचायत चेयरमैन संजीव मिश्र, अमित द्विवेदी की मौजूदगी में कार्यशाला में प्रकाश पाल ने कहा कि बूथ मजबूती ही जीत का आधार है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ तक जनसंवाद कर विपक्ष को धूल में मिलाना है। उन्होंने कहा कि बसपा बिलकुल समाप्त पार्टी बन गई है। सपा तो समाजवाद के नाम पर पिछड़ों से समाजघात करती है। कार्यकर्ता हर अभियान को सफल कर विजय का शंखनाद करेंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार के काम गांव, घर- घर, जन-जन तक पहुंचे। भाजपा की कथनी करनी में अंतर नही है। लोककल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाकर मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। कार्यकर्ता नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में घर-घर से मातृशक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करें। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को न्यायोचित सम्मान व स्थान भाजपा की डबल इंजन सरकार दे रही है। किसी भी चुनाव को जीतने का पहला काम है मतदाता सूची मे नाम होना। इसके बिना कुछ भी सम्भव नही है। सभी को लगकर मतदाता सूची में छूटे लोगों के नाम जोडवाने हैं।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रवासी सभी कार्य करें। मण्डल, शक्ति केंद्र व बूथ की बैठक कर व्यापक संवाद करें। वोटर चेतना महाअभियान में घर-घर, गांव-गांव जाकर जनसंवाद कर मतदाताओं को जागरूक करें। जिला महामंत्री व अभियान संयोजक आलोक पाण्डेय ने कहा कि वोटर चेतना महाअभियान में सभी कार्यकर्ता मनोयोग से लगकर अभियान को सफल बनायें। जिला पंचायत सदस्य राजाराम पाल ने बसपा छोडकर भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, अश्विनी अवस्थी, विपुल सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अर्जुन शुक्ला, शिवशंकर सिंह, अखिलेश, राघव, रवि गुप्त, अभिषेक, सुरेश अनुरागी, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, प्रेमलाल, शंकर दयाल निषाद, पप्पू पाल, हीरो, अभिषेक, आदित्य, दिव्या, अंजू वर्मा शामिल रहे।

## पुलिस ने चोरी का खुलासा कर दबोचे चार चोर, चोरी की मोटरबाइक, सात फोन व 12 सौ रुपये बरामद




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने चोरी की घटना का खुलासा कर दो चोर व दो बाल अपचारियों को चोरी की मोटरबाइक व सात मोबाइल फोन समेत 1200 रुपये समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 15 अक्टूबर को रामजस यादव पुत्र छितानी यादव निवासी साईंपुर थाना पहाड़ी ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि वह अर्जुन के साथ चित्रकूट दर्शन को गया था। चैपड़ा आश्रम के पास साथी के साथ सो गया था। अज्ञात चोरों ने मोटरबाइक यूपी96के-3535 व जेब से मल्टीमीडिया मोबाइल फोन तथा ढाई हजार रुपये, साथी अर्जुन का कीपैड फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्जकर कर्वी कोतवाल ने चैकी प्रभारी खोही को खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी।

चैकी प्रभारी ने नरेन्द्र उर्फ बिन्दा उर्फ धीरेन्द्र पुत्र रामकिशन निवासी बांध तालाब सीतापुर, सुनील कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी चितरागोकुलपुर व दो बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरबाइक व छह फोन तथा एक कीपैड फोन और 12 सौ रुपये बरामद किये। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही बहोरन सिंह व शिवम राजपूत शामिल रहे।

## प्रदेश को बाल विवाह मुक्त पर किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर मिशन शक्ति-4 के तहत जागरूकता कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चकौंध में हुआ।

बुधवार को महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने मिशन शक्ति-4 बाबत बताया कि महिला कल्याण विभाग से विभिन्न योजनायें कन्या सुमंगला, निराश्रित विधवा पेंशन, बाल सेवा, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान चल रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बच्चों को गोद लेने बाबत जानकारी दी। सखी वन स्टॉप सेंटर सेंटर प्रभारी अर्चना साहू ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पाक्सो एक्ट, आपसी विवाद, मारपीट, बाल विवाह पर वन स्टॉप सेंटर कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। जिला समन्वयक मीनू ने सरकार के हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# गांवों को स्वच्छ-सुंदर बनाने को संकल्पित है मोदी सरकार: आरके सिंह पटेल

## सांसद ने शिवरामपुर-अकबरपुर में किया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्रों का शुभारंभ




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आर के सिंह पटेल ने कर्वी ब्लाक के शिवरामपुर व अकबरपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। सांसद ने स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में मोदी सरकार के गांवों को स्वच्छ-सुंदर बनाने की चर्चा की। कहा कि गांव साफ-सुथरे होगें तो मोदी सरकार के स्वच्छ भारत निर्माण का सपना साकार होगा।

बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का शुभारम्भ करते हुए कहा कि मोदी सरकार गरीब कल्याण को संकल्पित है। स्वच्छ भारत मिशन के पहले चरण में गांवों में शौचालयों का निर्माण कराया था। दूसरे चरण में एक करोड की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण हो रहा है। गांव और घर स्वच्छ होगें, तभी स्वच्छ भारत के निर्माण का मोदी सरकार का सपना साकार होगा। कचरे से खाद बनेगी, ताकि किसानों की फसलों का उत्पादन बढेगा।

सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के करोड़ों गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोडने को ऐतिहासिक कार्य किये है।

देश की आजादी के बाद से रोटी, कपड़ा, मकान दिलाने का चला आ रहा सियासी जुमला मोदी सरकार ने साकार किया है। देश के करोडों गरीबों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, गैस सिलेंडर, बिजली-पानी देने के साथ पांच लाख का मुफ्त इलाज का तोहफा देकर सरकार ने जुमले को हकीकत में बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया है। सांसद पटेल ने कहा कि मोदी सरकार स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र से सूखे कचरे व गीले कचरे को अलग कर ठोस अपशिष्टों पन्नी, शीशा, कागज समेत अन्य हानिकारक को निकालकर खाद बनाने की तैयारी कर रही है। किसानों के खेती कार्य में इस्तेमाल होगी। लोगों को संदेश दिया कि अपने घर के कूड़े-कचरे को इधर-उधर न फेंके, उचित स्थान पर रखें, कचरा उठाने वाली गाडी में कचरे को एकत्र कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तक भेजा जाये। मोदी सरकार गांव को स्वच्छ रखने के साथ किसानों की आय दोगुनी करने की पहल कर रही है। गांवों में स्वच्छता अभियान में सार्थक भूमिका निभाने को केंद्र खोले जा रहे हैं। ग्रामीणों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, जिला समन्वयक प्रभात द्विवेदी, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र यादव, शिवरामपुर प्रधान प्रियंका जायसवाल के प्रतिनिधि प्रमोद जायसवाल, सचिव राम शरण राही, अकबरपुर प्रधान शंभू सिंह चंदेल, सचिव मान सिंह, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, प्रधान संखा सिंह आदि मौजूद रहे।

## उफरौली में बच्चों को दी हैण्डवाश की जानकारी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उफरौली में स्कूली बच्चों को ग्लोबल हैंडवाश कैंपेन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू यादव ने अभियान संस्था से पीपल वाश सलूशन लखनऊ से विद्यालय को एक यूनिट हैंडवाश हप्पी टेप दिया। बुधवार को विद्यालय प्रधानाध्यापक राजू यादव ने हैंडवाश की विशेषता बताई। कहा कि इसमें रनिंग वाटर सप्लाई की आवश्यकता नहीं है। पहले से स्टोरेज टैंक एवं गंदे पानी को पात्र एवं स्टैंड लगा रहता है। अभियान संस्था निदेशक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों को स्वच्छता की आदतों की बाबत बताया। बीमारियों के फैलने के कारण बताये। संस्था संयोजिका ममता वर्मा ने बच्चों को स्वच्छता खेल के बारे में बताया। बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री भेंट में दी। प्रधानाध्यापक ने आभार जताया। विद्यालय के सभी शिक्षक हजारी प्रसाद, शेखर प्रताप, सचिन प्रकाश, राजलाल, मेवालाल ने सहयोग दिया।

## नवरात्रि पर आस्थावानों की सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। शारदीय नवरात्रि पर नगर पंचायत मऊ एवं आसपास के गांव भक्ति-आस्था में लीन नजर आ रहे हैं। श्रद्धा एवं भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्र पर धार्मिक अनुष्ठानों भजन-कीर्तन समेत भंडारे हो रहे हैं। बुधवार को कस्बे के प्रसिद्ध मां आनंदी देवी मंदिर में महिलाओं-पुरुषों की भारी भीड़ रही। नगर में स्थापित पूजा पंडालों को भव्य ढंग से सजाया गया है। पूजा पंडाल देवी मां के जयकारों से गूंज रहे हैं। नवरात्र पर्व पर महिलाओं-बच्चों में काफी उत्साह है। स्थापित देवी प्रतिमाओं एवं मंदिरों में महिलाओं के झुंड सवेरे चार बजे से मां के दरबार में माथा टेकना शुरू कर देते हैं। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी मां दुर्गा के पंडाल बने हैं। भक्तजन नौ



दिनों तक देवी मां की पूजा कर सायंकाल पंडालों में देवी गीत होते हैं। पूरा कस्बा मां दुर्गा आराधना में लीन दिखाई दे रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर मऊ थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी, क्राइम इंस्पेक्टर अभय राज, कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत सिंह, एसआई कृपानंदन शर्मा समेत पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लगातार धार्मिक स्थलों की निगरानी कर रहें हैं। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। नगर में सीसीटीवी कैमरों की मदद से भी नजर रखी जा रही है। अफवाह एवं किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

## अमेरिका में बस सवार सिख किशोर पर क्रूर हमला, कहा- 'पगड़ी उतारो..ये हमारे देश में नहीं पहनते'

**न्यूयॉर्क**ः अमेरिका में भारतीयों पर नस्ली हमले बढ़ते जा रहे हैं। Hate crime का ताजा मामला न्यूयॉर्क का जहां 19 वर्षीय एक सिख किशोर पर पगड़ी पहनने की वजह से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक हमला रविवार को न्यूयॉर्क शहर के उपनगर क्वीन्स में उस समय हुआ जब सिख किशोर शटल बस से यात्रा कर रहा था। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध पीड़ित के पास पहुंचा और उससे पगड़ी उतारने के लिए कहा। आरोपी ने उससे कहा, ''हम इसे इस देश में नहीं पहनते और अपना नकाब उतारो।' खबर के मुताबिक हमलावर ने लगातार किशोर के चेहरे, पीठ और सिर पर घूंसे मारे और जिससे उसके शरीर पर हल्की खरोंच आई। उसने बस से उतरने से पहले पीड़ित की पगड़ी भी उतारने की कोशिश की और इसके बाद बस से उतर कर पैदल ही चला गया। पुलिस ने संदिग्ध के हुलिये के बारे में बताया कि ''वह 25-35 वर्षीय युवक है, उसका रंग काला है, शरीर दुबला-पतला है और उसकी लंबाई करीब पांच फीट नौ इंच है एवं उसकी आंखे भूरी और बाल काले हैं।' पुलिस ने लोगों से आरोपी का पता लगाने में मदद करने की अपील की है। एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी चैनल की खबर के मुताबिक न्यूयॉर्क पुलिस विभाग(एनवाईडीपी) की घृणा अपराध शाखा मामले की जांच कर रही है और पुलिस विभाग इसे घृणा अपराध करार दे रहा है।'द मैसेंजर' समाचार पोर्टल की खबर के मुताबिक मामले में अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस ने द मैसेंजर को भेजे बयान में कहा कि पीड़ित ने चिकित्सा जांच कराने से इनकार कर दिया। एबीसी7 टेलीविजन ने समुदाय के कार्यकर्ता जपनीत सिंह के हवाले से कहा, ''पीड़ित इस समय बदहवासी की हालत में है। परिवार उसको लेकर बहुत ही भयभीत है।' किशोर ने हालांकि मौके पर इलाज कराने से इनकार कर दिया लेकिन सिंह का कहना है कि पीड़ित बुरी तरह से घायल है और आने वाले कई दिनों तक काम करने की स्थिति में नहीं है।

## दक्षिणी गाजा में भीषण बमबारी, नेतन्याहू बोले -हम फिलीस्तीनियों के खिलाफ नहीं, हमारा अस्तित्व खतरे में

**तेल अवीव।** पिछले 11 दिनों से जारी इजराइल-हमास जंग में अब तक 4000 लोग जान गंवा चुके हैं। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी स्वतंत्रता का युद्ध अभी तक खत्म नहीं हुआ है। हमास के साथ



जारी युद्ध में हमारा एक मात्र उद्देश्य है। नेतन्याहू ने इस युद्ध को अंधेरे की ताकतों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में संदर्भित किया। उन्होंने इजराइली सुरक्षाबलों को प्रकाश का रूप और हमास तंकियों को अंधेरे का रूप बताया है।। इस बीच युद्ध के 11वें दिन इजरायली चीफ ऑफ कमांडर ने सैनिकों को पत्र में लिखा है, हम अपने घर की सुरक्षा के लिए अपने मिशन में दृढ़ और एकजुट हैं और हर मोर्चे पर किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। हमारी जिम्मेदारी दुश्मन पर काबू पाना और हर जगह सुरक्षा बहाल करना है।

## पाकिस्तान में इस साल अहमदी समुदाय के 40 पूजा स्थलों पर हुआ हमला

**पेशावर**ः इस साल अब तक 10 महीनों के दौरान पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में अहमदी अल्पसंख्यक समुदाय के कम से कम 40 उपासना स्थलों पर या तो कट्टरपंथी इस्लामवादियों ने हमला किया या पुलिस ने उन्हें आंशिक रूप से ढहा दिया है। अहमदी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली एक संस्था ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में अहमदी समुदाय के लोगों को आमतौर पर कादियानी कहा जाता है, जो उनके लिए अपमानजनक शब्द माना जाता है। साल 1974 में पाकिस्तान की संसद ने अहमदी समुदाय को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया था। एक दशक बाद, उन पर खुद को मुस्लिम कहने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उनके उपदेश देने और तीर्थयात्रा के लिए सऊदी अरब जाने पर प्रतिबंध है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के पंजाब चैप्टर के एक अधिकारी अमीर महमूद ने ' कहा, इस साल जनवरी से अक्टूबर के बीच पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हमारे उपासना स्थलों पर हमले की कम से कम 40 घटनाएं हुईं।

# इजराइल से नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए नेपाल ने जताया भारत का आभार

**काठमांड।** भारत सरकार की तरफ से चलाए जा रहे ऑपरेशन अजय के तहत भारतीयों के साथ-साथ नेपाल के नागरिकों को भी युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित वापस लाने पर नेपाल सरकार ने भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को संबोधित करते हुए ऑपरेशन अजय के तहत नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी पर आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया एक्स पर भारतीय विदेश मंत्री के उस पोस्ट पर नेपाल के विदेश मंत्री ने धन्यवाद दिया है, जिसमें उन्होंने नेपाली नागरिकों को इजरायल से दिल्ली लाने की




जानकारी दी थी। नेपाल के विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इस संकट की बेला में नेपाली नागरिकों की सुरक्षित वापसी पर सम्पूर्ण नेपाली जनता और नेपाल सरकार आभार व्यक्त करती है।

इससे पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल से भारतीय नागरिकों के साथ 18 नेपाली नागरिकों को भी दिल्ली सुरक्षित लाए जाने की जानकारी दी थी। दिल्ली स्थित नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा ने भी नेपाल सरकार की तरफ से भारत के विदेश मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए वापस लाए गए नेपाली नागरिकों को दिल्ली से नेपाल तक पहुंचाने की व्यवस्था किए जाने की जानकारी दी है।

## जिनपिंग ने बेल्ट ऐंड रोड फोरम की बैठक में कहा-टकराव की कोई बात नहीं

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में बेल्ट ऐंड रोड फोरम की बैठक में 130 देशों के प्रतिनिधियों के बीच विचार-विमर्श जारी है। बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद हैं। फोरम चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि ब्लाक टकराव की फैलाई गई बात मनगढ़ंत है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस मौके पर जिनपिंग ने अपने संबोधन में आर्थिक जबरदस्ती और ब्लॉक टकराव की बात को सिरे से खारिज कर दिया। जिनपिंग ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की है। जिनपिंग ने इस दौरान चीन और रूस के बीच गहरे होते विश्वास की सराहना की। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फोरम को शी जिनपिंग की विदेश नीति का केंद्र बिंदु माना जाता है।




## पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस कंगाली की कगार पर, ईंधन खत्म, 24 उड़ानें रद्द

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) कंगाली की कगार पर है। हाल यह है कि ईंधन के लिए भी उसके पास पैसे नहीं हैं। वह बकाया राशि का भुगतान भी नहीं कर पा रही है। पिछले 24 घंटे से वह उड़ानों का ठीक से संचालन नहीं कर पा रही। घाटे में चल रही पीआईए को बुधवार को 16 अंतरराष्ट्रीय और आठ घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। कुछ उड़ानों में देरी होने की आशंका भी बढ़ गई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीआईए को मंगलवार को भी 11 अंतराष्ट्रीय और 13 घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। रिपोर्ट्स में पीआईए के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है कि दैनिक आधार पर और परिचालन कारणों से पीआईए विमानों के लिए सीमित ईंधन आपूर्ति के कारण उड़ानें रद्द कर दी गईं। कुछ उड़ानों के प्रस्थान को पुनर्निर्धारित किया गया है। घरेलू उड़ानों के अलावा रद्द की गई कुछ उड़ानें दुबई, मस्कट, शारजाह, अबू धाबी और कुवैत के लिए उड़ान भरने वाली थीं। पीआईए ने दावा किया कि रद्द की गई उड़ानों के यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित किया गया।




## चीनी मूल का भारतीय नागरिक काठमांडू से गिरफ्तार, 31 लाख अवैध मुद्रा बरामद

**काठमांडू।** त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल से नेपाल पुलिस ने मंगलवार को एक चीनी मूल के भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह चीन से अवैध रूप से अवैध विदेशी मुद्रा लेकर काठमांडू आया और दिल्ली के विमान पर चढते समय यह चीनी नागरिक नेपाल पुलिस के हत्थे चढ़ा। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डिआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि चीन की सिचुआन एयरलाइंस से चीनी मूल का भारतीय नागरिक थिन्ले छोदेन काठमांडू पहुंचा था। इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली जाने के क्रम में विमान पर चढ़ने से ठीक पहले सुरक्षा जांच में उसके पास से अमेरिकी डॉलर, चाइनीज यूआन और भारतीय नोट बरामद हुए।




इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। काठमांडू एयरपोर्ट पर तैनात नेपाल पुलिस के सुरक्षा प्रमुख अर्जुन चन्द ठकुरी ने बताया कि भारत के धर्मशाला (हिमाचल) में रहने वाले थिन्ले छोदेन के पास से 16,430 अमेरिकी डॉलर, 54,451 आरएमबी और करीब 50 हजार रुपये के भारतीय नोट बरामद किये गए हैं। ठकुरी ने बताया कि बरामद मुद्रा की कीमत नेपाली बाजार में 31 लाख 50 हजार के बराबर है।

## इजरायल ने हमास के दो आतंकी कमांडर ढेर किए, हिजबुल्ला के हमले में चार सैनिक घायल

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि गाजा पट्टी पर उनके सुरक्षा बलों के हमले में फिलिस्तीन के कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास के दो कमांडर मारे गए। इस बीच आईडीएफ ने एक ड्रोन फुटेज जारी कर यह समझाने की कोशिश की है कि अस्पताल पर हमला इजरायल की सेना ने नहीं किया। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में आईडीएफ के हवाले से कहा है कि हमास के गाजा सिटी ब्रिगेड में एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सरणी के प्रमुख मुहम्मद अवदल्लाह और हमास नौसैनिक बल के कमांडर अकरम हिजाजी को मार गिराया गया। साथ ही हमास के कमांड सेंटर, स्टेजिंग ग्राउंड, एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और रॉकेट लॉन्च साइटों के साथ सैन्य बुनियादी ढांचों को तहस-नहस कर दिया है। इनमें हमास की कुछ सुरंगें भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि गाजा पट्टी के अल-अहली अरब अस्पताल पर हमले के



संबंध में इजरायल रक्षा बल ने ड्रोन फुटेज जारी किया है। इसके विवरण के मुताबिक अस्पताल में घातक विस्फोट उसके आयुध के कारण नहीं हुआ। इससे कोई गड्ढा नहीं हुआ है। इजरायल के हमले में आमतौर पर जमीन में बड़े गड्ढे हो जाते हैं। आईडीएफ के हवाले से रिपोर्ट्स में कहा गया है कि लेबनान से बुधवार तड़के हिजबुल्लाह के आतंकवादियों ने उत्तरी इजरायल के मोशाव श्तुला के पास इजरायली बलों की ओर एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल दागी। इसमें उसके चार सैनिक घायल हो गए। पिछले 24 घंटों में उत्तरी सीमा पर कस्बों और सैन्य चौकियों पर दागी गई यह सातवीं मिसाइल है।

## इजरायली सेना ने कहा- उम्मीदों से अलग हो सकता है युद्ध का अगला चरण

**तेल अवीव।** हमास के हमले की प्रत्युत्तर में इजरायली सेना के हमले ने गाजा को बुरी तरह तहस नहस कर दिया है। वहीं अपने हमले के बीच अब इजरायली सेना ने अपने हमले के अगले चरण में बुनियादी बदलाव के संकेत दिए हैं। सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि युद्ध का अगला चरण उम्मीदों से काफी अलग हो सकता है। इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेचट ने मंगलवार पत्रकारों से साथ नियमित ब्रीफिंग में कहा, हम युद्ध के अगले चरण की तैयारी कर रहे हैं। हमने यह अभी नहीं बता सकते कि वे क्या होंगे। लेकिन हर ओर जमीनी हमले को लेकर चर्चा हो रही है। ऐसे में यह साफ है कि पूर्व के हमले के बीच अब कुछ



अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना गाजा पट्टी के खिलाफ अपने अभियान के अगले चरण के लिए नई योजना के साथ तैयार है। इसमें लेबनान की ओर से रुक-रुक कर हमले कर रहे हिज्बुल्ला संगठन पर भी हमले शुरू कर दिए गए हैं। अब हम हिज्बुल्ला आतंकियों के ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। वहीं, हमास के आतंकी हमले को लेकर इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने दुनिया भर से इजरायल के समर्थन की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया है। हमें इस युद्ध में प्रवेश करने के लिए मजबूर किया गया है। ऐसे में हम उम्मीद करते हैं कि हमास से लड़ते समय अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमारा समर्थन करेगा। हम अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के दिशानिर्देशों का सम्मान करेंगे और निर्दोष नागरिकों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए आतंक के खिलाफ मजबूती से खड़े होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल के लिए यह सिर्फ युद्ध है। हम आत्मरक्षा के तहत खतरों और दुश्मन को खत्म करने का काम कर रहे हैं।

# संयुक्त राष्ट्र के महासचिव का 29 अक्टूबर से होगा चार दिवसीय नेपाल दौरा

**काठमांडू।** संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एन्टोनियो गुटेरस 29 अक्टूबर से चार दिवसीय नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के निमंत्रण पर महासचिव गुटेरस काठमांडू में उच्च स्तरीय राजनीतिक मुलाकात करने के अलावा कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इससे पहले महासचिव गुटेरस की नेपाल यात्रा 13-16 अक्टूबर तक तय थी, लेकिन



पहुंचे थे, तो उसी समय उन्होंने महासचिव गुटेरस को नेपाल आने का निमंत्रण दिया था।

प्रधानमंत्री के निजी सचिव गंगा दाहाल ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक नेपाल यात्रा पर रहेंगे। दाहाल के मुताबिक इस भ्रमण के दौरान महासचिव के साथ नेपाल की शांति प्रक्रिया, जलवायु परिवर्तन, अल्प विकसित राष्ट्रों की स्तरोन्नति में नेपाल की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। निजी सचिव गंगा दाहाल ने कहा कि शांति प्रक्रिया के मुद्दे पर सभी दल के शीर्ष नेताओं के साथ सामूहिक चर्चा कराने की भी तैयारी है। अपने नेपाल भ्रमण के दौरान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव गुटेरस का नेपाली संसद को संबोधित करने का भी कार्यक्रम रखा गया है। गंगा दाहाल ने बताया कि 30 अक्टूबर को महासचिव संसद के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करने वाले हैं।

## गाजा के अस्पताल में हुए धमाके को लेकर इस्राइल ने हमास के आंतकी का ऑडियो किया जारी, कहा- इससे साफ है...

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध में करीब पांच हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच, मंगलवार को गाजा के अस्पताल में विस्फोट हो गया, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई। इस हमले का आरोप दोनों ही एक दूसरे पर मढ़ रहे हैं। बढ़ते विवाद के बीच इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के आंतकी का एक ऑडियो जारी किया है। इसमें आंतकी को सुना जा सकता है कि वह अस्पताल में जिस रॉकेट से हमला हुआ उसके बारे में बात कर रहा है।

आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगरी ने कहा गाजा में अल-अहली अस्पताल पर हुए हमले के लिए फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद जिम्मेदार है। उन्होंने आतंकी से जुड़ा ऑडियो और घटनास्थल की एक तस्वीर




को साझा किया। हगरी ने कहा कि यदि हमले के लिए इस्राइली सुरक्षा बल जिम्मेदार होता तो वहां गड्ढा या कुछ तो नुकसान होता। उन्होंने तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि अस्पताल की दीवारों पर कुछ नहीं हुआ, वह बिल्कुल सही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि हमला फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद ने किया था। इस्लामिक जिहाद के ठीक से रॉकेट नहीं छोड़ने के कारण यह विस्फोट हुआ।

इस्राइल ने दावा किया कि हमास जानता है कि यह रॉकेट फलस्तीन का है और गलती से यह हमला हुआ है। हालांकि, अब इस गलती का आरोप इस्राइल पर मढ़ रहा है। दुनियाभर में इस्राइल को दोषी के रूप में दिखा रहा है। हगरी ने कहा कि यह सब फुटेज से स्पष्ट होता है कि इस्राइल ने कोई सीधा हमला नहीं किया है। अस्पताल के बिल्डिंग के पास कोई नुकसान के निशान नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर नुकसान की बात करें तो सिर्फ अस्पताल के बाहर की पार्किंग के पास थोड़ा नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि विस्फोट कब्रिस्तान से दागे गए फलस्तीनी रॉकेटों के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि अल अहली अस्पताल विस्फोट के लिए फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद समूह जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, 'हमने आईडीएफ की सभी संबंधित शाखाओं के साथ तत्काल समीक्षा की और सामने आया कि अस्पताल में विस्फोट से पहले मंगलवार को स्थानीय समयानुसार छह बजकर 15 मिनट पर हमास द्वारा इस्राइल पर रॉकेट दागे गए थे। फिर, छह बजकर 59 पर इस्लामिक जिहाद द्वारा पास के एक कब्रिस्तान से लगभग 10 रॉकेट दागे गए। उनका कहना है कि उसी समय गाजा सिटी के अस्पताल में विस्फोट की खबरें आईं।'

# भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है: जेपी मॉर्गन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विस कंपनी जेपी मॉर्गन का मानना है कि 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ कर 7 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है। जेपी मॉर्गन के एशिया पेसिफिक इक्विटी रिसर्च डायरेक्टर जेम्स सुलिवान का मानना है कि 2027 तक भारत में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत में सुलिवान ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार तेजी आने की संभावना बनी हुई है। अगर सबकुछ ठीक रहा और कोई बड़ी आपदा नहीं आई तो भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 7 साल में 7 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच सकती है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में ही अगले 5 वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को पांच ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने का लक्ष्य रखा था। हालांकि कोरोना महामारी की वजह से पूरी दुनिया की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था भी डगमगा गई थी। लेकिन वैश्विक कमजोरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने दोबारा मजबूती हासिल कर ली। जेम्स सुलिवान के मुताबिक भारत में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जबरदस्त ग्रोथ की उम्मीद है। फिलहाल भारत की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी करीब 17 प्रतिशत है। लेकिन जल्दी ही इसके बढ़ कर 25 प्रतिशत जाने की उम्मीद की जा रही है। ऐसा होने पर भारत से होने वाला निर्यात एक लाख करोड़ डॉलर के स्तर को पार कर सकता है।

फिलहाल भारत से होने वाला निर्यात 50 हजार करोड़ डॉलर से कुछ कम है। सुलिवान ने कहा कि भारत की जीडीपी को बढ़ाने में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। सुलिवान के मुताबिक लंबी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था के ओवरऑल स्ट्रक्चर में काफी बदलाव होने की उम्मीद है, जिसमें कई सेक्टर के लिए विकास के बड़े अवसर आ सकते हैं। इसी आधार पर जेपी मॉर्गन ने भारत के एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की संभावना जताई है। इसके पहले बार्कलेज ने भी अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था में और बेहतरी की उम्मीद जताई थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।